

दैनिक

# जागो वर्ल्ड

www.dainik jago world .in

सजग,सटीक ,निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक




**आज का विचार**

खुद की तरक्की मे इतना वक्त लगा दो, कि दूसरों की बुराई करने का वक्त ही ना लगे


RNI No. : HPHIN/2015/64797 .शिमला / ऊना ,वर्ष 11 .अंक 131 .कुल पृष्ठ -08 . 25 जनवरी 2026 .मूल्य 5 रुपए

Shimla,Mandi,Kullu.Chamba,Hamirpur,Bilaspur,Kangra,Sirmour,Lahol-spiti,Una,Solan,Kinnour,Delhi,Hariyana,J&K,Punjab


## "गणतंत्र दिवस पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की झांकी से दिखेगी तीनों सेनाओं की संयुक्त मारक शक्ति"

जागो वर्ल्ड / नई दिल्ली



गणतंत्र दिवस पर तीनों सेनाओं की झांकी में 'ऑपरेशन ङ्क्षसदूर' की मारक क्षमता की झलक दिखाई देगी। 'ऑपरेशन ङ्क्षसदूर: संयुक्तता के माध्यम से विजय' थीम पर आधारित यह झांकी राष्ट्र के विकसित सैन्य सिद्धांत का प्रभावशाली और सशक्त चित्रण होगी जो सटीकता, एकीकरण और स्वदेशी श्रेष्ठता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन को दर्शाती है। इसमें भारत की ओर से सख्त संदेश भी दिया गया है कि निर्णायक, संयुक्त और आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति का युग आ चुका है। ऑपरेशन ङ्क्षसदूर ने आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती ताकत और विकसित भारत 2047 की दिशा में राष्ट्र की अडिग प्रगति को प्रतिङ्क्षबबित किया। यह भविष्य आत्मनिर्भर, समन्वित और अटूट रक्षा क्षमताओं से परिभाषित है। यह झांकी तीनों सेनाओं के समन्वय की इस कहानी को गतिशील और क्रमबद्ध प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत करती है। झांकी का अग्रिम भाग नौसेना के समुद्री प्रभुत्व को दर्शाता है, जो समुद्री मोर्चे पर नियंत्रण स्थापित करते हुए शत्रु को किसी भी प्रकार की संचालन स्वतंत्रता से वंचित करता है। इसके बाद यह दृश्य भारतीय सेना के अडिग संकल्प में परिवर्तित होता है, जहां एम7 7 7 अल्ट्रा लाइट होवित्जर तोपें सटीक और संतुलित मारक क्षमता के साथ शत्रुतापूर्ण मंसूबों को निष्क्रिय करती हैं। इनके पीछे प्रहरी की तरह खड़ी आकाश वायु रक्षा प्रणाली भारत की बहुस्तरीय और एकीकृत वायु सुरक्षा ढाल तथा अभेद्य आकाशीय सुरक्षा को दर्शाती है। गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के अभूतपूर्व इतजाम किए गए हैं और किसी भी तरह की चूक से बचने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार राजधानी के संवेदनशील इलाकों, सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख सरकारी भवनों के आसपास कड़ी निगरानी की जा रही है। गणतंत्र दिवस की सुरक्षा में करीब 70 हजार से अधिक पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है। इसके अलावा एनएसजी कमांडो और बम निरोधक दस्ते भी पूरी तरह से सक्रिय हैं। कर्तव्य पथ, इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा घेरा बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ड्रोन और अत्याधुनिक तकनीक के जरिए निगरानी को और मजबूत किया गया है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एंटी- ड्रोन सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और फेस रिकग्निशन सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने परेड मार्ग और उसके आसपास के इलाकों में नो ड्रोन जोन घोषित किया है।

## हिमाचल में दो दिन से कहर बनकर बरसी बर्फ, तापमान 13 डिग्री गिरा

जागो वर्ल्ड / शिमला / टीना ठाकुर

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर तीखा रुख अपनाते हुए जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। शुक्रवार से शुरू हुई बारिश और बर्फबारी का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। राजधानी शिमला के जाखू में करीब आधा फीट बर्फ जमी, जबकि कुफरी, नारकंडा और आसपास के पर्यटन स्थलों पर एक से डेढ़ फीट तक बर्फबारी दर्ज की गई। मनाली में भी आधा फीट से अधिक बर्फ पड़ने से पूरा इलाका बर्फ की सफेद चादर में ढक गया है। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण प्रदेश के तापमान में भारी गिरावट आई है। बीते 24 घंटों में तापमान करीब 13 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया, जबकि औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 8 डिग्री नीचे



### शिमला से मनाली तक सफेद चादर, सैलानियों की बढ़ी भीड़

चला गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दो से तीन दिनों में ठंड और बढ़ने की चेतावनी दी है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से 23 से 27 जनवरी तक कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी के आसार बने हुए हैं। भारी हिमपात का सबसे ज्यादा असर यातायात और बिजली व्यवस्था पर पड़ा है। अपर शिमला के ठियोग, रोहड़ू, रामपुर और चौपाल क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा के पांगी और भरमौर इलाकों का संपर्क प्रदेश के अन्य हिस्सों से कट गया है। प्रदेशभर में 550 से ज्यादा सड़कें बंद हैं और 950 से अधिक बिजली ट्रांसफॉर्मर ठप हो गए हैं, जिससे कई क्षेत्रों में अंधेरे की स्थिति बनी हुई है। राजधानी शिमला में शुक्रवार सुबह से ही ब्लैकआउट जैसे हालात रहे। करीब 95 प्रतिशत क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसे देर शाम तक आंशिक रूप से बहाल किया जा सका। खराब मौसम के चलते बस सेवाएं भी प्रभावित हुईं और 600 से अधिक रूटों पर एचआरटीसी व निजी बसों का संचालन ठप रहा। कुल्लू जिले में एहतियात के तौर पर कुल्लू और बंजार उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। हालांकि, ताजा बर्फबारी से पर्यटन स्थलों की रौनक लौट आई है। बड़ी संख्या में सैलानी बर्फ का लुत्फ उठाने हिमाचल पहुंच रहे हैं, जिससे होटल और पर्यटन कारोबार को राहत मिली है। वहीं किसानों और बागवानों के लिए यह बर्फबारी फायदेमंद मानी जा रही है। बावजूद इसके, आम लोगों को आवाजाही, बिजली और संचार से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों से पहाड़ी इलाकों में यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की है।

## "सीजन की पहली बर्फबारी से PWD को 6.03 करोड़ का नुकसान"


जागो वर्ल्ड / शिमला / टीना ठाकुर

सीजन की पहली बर्फबारी ने लोक निर्माण विभाग को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। विभाग के तीन जोन में 603.10 लाख का नुकसान हुआ है। पीडब्लयूडी के एनएच विंग का एक सर्किल में नुकसान भी शामिल है। विभाग के मंडी जोन में सबसे अधिक 277.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बर्फबारी से हुए नुकसान की रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी प्रदेश मुख्यालय पहुंच गई है। लोक निर्माण विभाग के प्रदेश मुख्यालय पहुंची मंडी जोन की रिपोर्ट के तहत बर्फबारी के चलते यहां पर 277.50 लाख रुपए के नुकसान का आंकलन किया गया है। इसमें पीडब्ल्यूडी के कुल्लू सर्किल में सबसे अधिक 274 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जोगिंद्रनगर सर्किल में 3.50 लाख का नुकसान विभाग को झेलना पड़ा है। शिमला जोन के तहत 223.8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार लोक निर्माण विभाग के शिमला सर्किल में हिमपात के कारण महकमे को यहां पर 182.1 लाख रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। रामपुर सर्किल में 14 लाख , नाहन सर्किल में पांच लाख और रोहडू सर्किल में 22.70 लाख रुपए का नुकसान होने का आंकलन किया गया है। इसी तरह कांगड़ा जोन से मिली रिपोर्ट के अनुसार



बर्फबारी के कारण यहां पर 93.8 लाख का नुकसान होने का आंकलन किया है। जोन के इकलौते डलहौजी सर्किल में यह आर्थिक नुकसान विभाग को झेलना पड़ा है। प्रदेश मुख्यालय पहुंची रिपोर्ट के तहत हमीरपुर जोन में नुकसान नहीं हुआ है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के एनएच विंग के शिमला सर्किल में आठ लाख रुपए के नुकसान होने का आंकलन किया गया है।

## "विजिलेंस जांच पर बोले सीएम सुक्खू: चिठ्ठियां आना सामान्य प्रक्रिया, मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं"



सत्ता में आने के बाद सरकार ने किसी भी मंत्री या भाजपा नेता के खिलाफ विजिलेंस जांच नहीं करवाई है। चीथियां आती है और यह एक निरंतर प्रक्रिया है। यह पहले से चली आ रही है और इसे मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष के बयान पर शुक्रवार को शिमला में अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस बीच मुख्यमंत्री ने हिमाचल भाजपा पर भी बड़ा हमला बोला है। शुक्रवार को शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सरकार के सत्ता में आने के बाद किसी भी मंत्री या किसी भी भाजपा नेता के खिलाफ कोई विजिलेंस जांच नहीं करवाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिठ्ठियां आती है ये एक निरंतर प्रक्रिया है, जो पहले से चली आ रही है। इसे मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं है। कई लोग बिना तथ्यों के आरोप लगाते हैं, लेकिन ऐसे आरोपों को मुद्दा बनाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर भी बड़ा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में भाजपा पांच गुटों में बंटी हुई है। सीएम ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए नेताओं पर भी तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि सत्ता के लालच वाले लोग अब पार्टी से बाहर जा चुके है। अब कांग्रेस में वो ही बचे है, जो सही मायनों में जनता की सेवा करना चाहते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जयराम ठाकुर खुद को सर्वोपरि नेता साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वह आए दिन इस तरह के बयान देते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने गतरोज एक बयान जारी कर मुख्यमंत्री से उस वरिष्ठ मंत्री के नाम का खुलासा करने की मांग की थी, जिन्होंने कथित तौर पर सीएम को धमकी दी कि यदि उनके खिलाफ चल रही जांच नहीं रोकी गई, तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। पूर्व सीएम ने कहा था कि कांग्रेस के भीतर अब एक-दूसरे को निपटाने का खेल सार्वजनिक रूप से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर शुक्रवार को जबाव दिया है।

## कुल्लू के तीर्थन घाटी के शरची में भारी बारिश-बर्फबारी से स्कूल भवन क्षतिग्रस्त

### मिडिल मिडिल स्कूल की छत गिरी, बड़ा नुकसान

जागो वर्ल्ड / कुल्लू / प्रिया शर्मा

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी के शरची में पिछले कल से हो रही भारी बारिश और बर्फबारी के चलते एक सरकारी स्कूल भवन को नुकसान पहुँचा है। जानकारी के अनुसार तीर्थन घाटी के शरची स्थित मिडिल स्कूल की छत अचानक गिर गई, जिससे स्कूल भवन को भारी क्षति पहुँची है। गनीमत यह रही कि घटना के समय स्कूल में कोई छात्र या स्टाफ मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि भवन की छत कमजोर हो गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्कूल भवन की जल्द मरम्मत और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## युवाओ को पीएम की सौगात, 61 हजार युवाओ को नौकरी

जागो वर्ल्ड / नई दिल्ली

केंद्र सरकार के रोजगार अभियान को एक और मजबूती देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को युवाओं को बड़ी सौगात दी. देशभर में आयोजित 18 वें रोजगार मेले के तहत पीएम मोदी ने विभिन्न केंद्रीय विभागों और संस्थानों में चयनित 61 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे.



इस अवसर को उन्होंने युवाओं के जीवन का नया अध्याय बताते हुए इसे राष्ट्र निर्माण से जोड़ दिया. प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज हजारों युवाओं के लिए सरकारी सेवा में प्रवेश का दिन है, जो सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि देश के विकास में भागीदारी का अवसर है. उन्होंने इसे "विकसित भारत" के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम बताया और कहा कि यह नियुक्ति पत्र राष्ट्र सेवा का निमंत्रण हैं.

## "फतेहगढ़ साहिब के पास फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाइन पर जोरदार धमाका, लोको पायलट घायल"

जागो वर्ल्ड - फतेहगढ़

सरहिंद क्षेत्र में रेलवे लाइन पर देर रात एक बड़ा धमाका होने की खबर सामने आई है। यह ब्लास्ट फतेहगढ़ सहिब-सरहद रेलवे स्टेशन से चार किलोमीटर दूर फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाइन पर हुआ। यह घटना रात करीब 11 बजे उस दौरान घटी जब जब एक मालगाड़ी फ्रंट कोरिडोर रेल लाइन से गुजर रही थी। यह नई रेलवे लाइन विशेष रूप से मालगाड़ियों के संचालन के लिए बनाई गई है। जैसे ही मालगाड़ी का इंजन खानपुर फाटकों के पास पहुंचा, तभी अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके के कारण रेलवे लाइन का करीब 12 फीट हिस्सा पूरी तरह उड़ गया।

### लोको पायलट हुआ घायल

इस धमाके में मालगाड़ी के लोको पायलट को भी चोटें आई हैं। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके में अफरा- तफरी मच गई और इस बाबत



रेलवे अधिकारियों को जानकारी दी गई। वहीं, इसे लेकर डीजीपी लॉ ऑर्डर ने बताया की अलग अलग टीम मामले की जांच कर रही। धमाके में आरडीएक्स का इस्तेमाल किया गया या नहीं। यह अभी कहना मुश्किल है। मामले की जांच के लिए अलग- अलग टीम जुट गई हैं। धमाके में घायल लोको पायलट को चंडीगढ़ ले जाया गया है, क्षतिग्रस्त इंजन को अंबाला ले जाया गया है।

### आतंकी साजिश की ओर इशारा

घटनास्थना पर पहुंचे डीआईजी रोपड़ डॉक्टर नानक सिंह ने बताया किइस घटना के पीछे आतंकवादी गतिविधि से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। रेलवे लाइन पर हुए ब्लास्ट के बाद डॉग स्क्वाडड और बम स्काड ने रेलवे लाइन तथा आसपास के क्षेत्र में सघन जांच शुरू कर दी है। डीआईजी ने बताया की सभी जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। डीआईजी ने बताया कि रेलवे लाइन पर हुआ ब्लास्ट ज्यादा घातक नहीं था। क्षतिग्रस्त इंजन में सवार एक रेल कर्मचारी मामूली रूप से घायल हुआ है। ब्लास्ट से रेल इंजन के शीशे टूट गए। क्षतिग्रस्त रेल इंजन को अंबाला भेज दिया गया है। देर रात चले सर्च अभियान के बाद अब दिन के उजाले में पंजाब पुलिस व एजेंसियां जांच में जुटी हैं।

## हिमाचल में कई IPS अधिकारियों को मिला प्रमोशन का तोहफा

जागो वर्ल्ड / शिमला / टीना ठाकुर

हिमाचल सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के कई अधिकारियों को उच्च पदों पर पदोन्नति देने के आदेश जारी किए हैं. ये पदोन्नतियां विभिन्न बैचों के अधिकारियों को दी गई हैं, जिससे राज्य पुलिस व्यवस्था में अनुभव और नेतृत्व दोनों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. सरकारी अधिसूचना के अनुसार, यह सभी पदोन्नतियां स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिशों के आधार पर की गई हैं. इन आदेशों को 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जाएगा. पदोन्नति पाने वाले अधिकारी हिमाचल कैडर से संबंधित हैं और वर्तमान में राज्य व केंद्र में अलग- अलग जिम्मेदारियां निभा रहे हैं.

### तीन अधिकारियों को I G पद

2008 बैच के तीन IPS अधिकारियों को पुलिस महा निरीक्षक (IG) के पद पर पदोन्नत किया गया है. इनमें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत एस. अरुल कुमार और जी. शिवकुमार को प्रोफार्मा आधार पर IG बनाया गया है. वहीं पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज डरोह के प्रिंसिपल डॉ. डी.के. चौधरी को नियमित रूप से IG पद पर नियुक्त किया गया है.

### 6 अधिकारियों को DIG पद

वहीं, 2012 बैच के IPS अधिकारियों को पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) पद पर पदोन्नति मिली है. केंद्रीय




प्रतिनियुक्ति पर तैनात शालिनी अग्निहोत्री को प्रोफार्मा आधार पर DIG बनाया गया है. जबकि रोहित मालपानी, डॉ. खुशाल चंद शर्मा, संजीव कुमार गांधी, डॉ. रमेश चंद्र छाजटा और डॉ. देवाकर शर्मा को नियमित आधार पर DIG पद दिया गया है.

### वरिष्ठ अधिकारी बने A D G P

इसके अलावा 2001 बैच के वरिष्ठ IPS अधिकारी डॉ. अतुल कुमार दिगंबर फुलजेले को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ADGP) के पद पर प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है. वे वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे हैं. सरकार ने 2013 बैच के दो IPS अधिकारियों गौरव सिंह (एसपी, सोलन) और अर्जित सेन ठाकुर (एसपी, SDRF जुन्गा) को सेलेक्शन ग्रेड लेवल- 13 प्रदान किया है. यह पदोन्नति नियमित आधार पर दी गई है. सभी पदोन्नति आदेश राज्य के मुख्य सचिव संजय गुप्ता, IAS द्वारा जारी किए गए हैं. इसकी जानकारी डीजीपी हिमाचल प्रदेश, केंद्र सरकार और संबंधित विभागों को भेज दी गई है.

## पाकिस्तान में शादी समारोह में आत्मघाती हमला, 5 लोगों की मौत

जागो वर्ल्ड / पाकिस्तान

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार रात एक शादी समारोह के दौरान हुए आत्मघाती ब्लास्ट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और दस लोग घायल हो गए. यह हमला शांति समिति के सदस्य नूर आलम महसूद के निवास पर हुआ, जहां शादी का जश्न चल रहा था.

### मेहमानों के डांस करते वक्त खुद को उड़ाया

डेरा इस्माइल खान जिले के जिला पुलिस अधिकारी (DPO) सज्जाद अहमद साहिब ज़ादा ने पुष्टि की कि यह आत्मघाती हमला था. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मेहमान डांस कर रहे थे तभी हमलावर ने खुद को उड़ाया. विस्फोट के बाद कमरे की छत गिर गई, जिससे बचाव कार्य में काफी बाधा आई और मलबे में फंसे लोगों तक पहुंचना मुश्किल हो गया.

### रेस्क्यू मिशन के प्रवक्ता ने क्या बताया?

पाकिस्तान की इस घटना के बाद जिला मुख्यालय अस्पताल में आपात स्थिति घोषित कर दी गई. रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने बताया कि पांच शव और दस घायलों को अस्पताल ले जाया गया है. मौके पर सात एंबुलेंस, एक फायर ब्रिगेड और एक डिज़ास्टर रिस्पांस वाहन तुरंत भेजा गया और बचाव अभियान जारी है.

### सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी

सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है. खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने धमाके की कड़ी निंदा की है और पुलिस महानिरीक्षक से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. गौरतलब है कि इसी महीने की शुरुआत में भी बन्नू जिले में अज्ञात हमलावरों ने शांति समिति के चार सदस्यों की हत्या कर दी थी. जिनमें एक 'गुड तालिब' भी शामिल था, जिसे पाकिस्तान में आत्मसमर्पण कर चुके पूर्व उग्रवादियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है.

# गोविंद सागर झील में वाटर स्पोर्ट्स का रोमांच, साहसिक पर्यटन का नया केंद्र बना अंदरोली क्षेत्र

## स्पीड बोट, जेट स्की, हॉट एयर बैलून और ड्रैगन राइड सहित विभिन्न गतिविधियों का आनंद ले रहे लोग

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट








### उपायुक्त ने स्वयं लिया अनुभव लोगों से परिवार सहित आने का किया आह्वान

ऊना जिले की बंगाणा तहसील में गोविंद सागर झील से सटा अंदरोली क्षेत्र अब एडवेंचर टूरिज्म और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का नया केंद्र बनकर तेजी से उभर रहा है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुरूप गोविंद सागर झील में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सुनियोजित ढंग से ठोस कदम उठाए गए हैं।उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के माध्यम से मेफील्ड एडवेंचर्स कंपनी के साथ वाटर स्पोर्ट्स संचालन का करार किया गया है। कंपनी ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए वाटर स्पोर्ट् सुविधाएं उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को वास्तविक गति मिली है। उपायुक्त ने कहा कि देवभूमि हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत सदैव पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। अब प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों से साहसिक खेलों और पर्यटन के क्षेत्र में भी नई संभावनाएं तेजी से विकसित हो रही हैं।प्राकृतिक सौंदर्य और रोमांच का अद्भुत संगमचारों ओर पहाड़ों से घिरी गोविंद सागर झील की मनोहारी छटा और जल-पर्यटन की नई गतिविधियों ने अंदरोली क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलानी शुरू कर दी है। यहां बोटिंग, कयाकिंग, जेट स्की एटीबी राइड, हॉट एयर बैलून, स्पीड बोट और ड्रैगन राइड सहित विभिन्न वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे पर्यटकों को एक नया और रोमांचक अनुभव मिल रहा है। उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में यहां बनाना-बम्पर राइड, वाटर जेटोवेटर, शिकारा, 100 से अधिक सीटर क्रूज, जिप लाइन, पैरा मोटरिंग, फ्लोटिंग जेट्टी तथा पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियां भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यटन को नया आयाम देने के साथ -साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और व्यावसायिक अवसर भी सृजित करेगी।उपायुक्त ने स्वयं लिया रोमांचक अनुभव, परिवार सहित आने की अपील उपायुक्त जतिन लाल ने हाल ही में स्वयं गोविंद सागर झील के अंदरोली क्षेत्र में परिवार सहित पहुंचकर हॉट एयर बैलून राइड सहित विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा अब परिवार, बच्चों और पर्यटकों के लिए घूमने-फिरने तथा वाटर स्पोर्ट्स व साहसिक गतिविधियों का बेहतरीन विकल्प बन चुकी है।उन्होंने कहा कि पहले लोग इन गतिविधियों के लिए दूर-दराज पर्यटन स्थलों का रुख करते थे या सुविधाएं न होने के कारण निराश रहते थे, लेकिन अब अंदरोली में ही यह अवसर सहज रूप से उपलब्ध है। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे परिवार एवं बच्चों के साथ आएं और सुरक्षित वातावरण में इन गतिविधियों का आनंद लें। पारदर्शी प्रक्रिया से मिला संचालन अनुबंधउपायुक्त ने बताया कि वाटर स्पोर्ट्स संचालन के लिए प्रतिस्पर्धी व पारदर्शी निविदा प्रक्रिया अपनाई गई थी। इसमें मेफील्ड एडवेंचर्स ने 80 लाख 500 रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर संचालन अनुबंध प्राप्त किया। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने हेतु अतिरिक्त उपायुक्त ऊना की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गईं।एडीबी से 10 करोड़ का निवेश प्रस्तावितउन्होंने बताया कि अंदरोली क्षेत्र को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए एशियन विकास बैंक (एडीबी) की सहायता से 10 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जिससे पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र को व्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त गोविंद सागर पर मंदली- लठियाणी पुल व सड़क निर्माण परियोजना से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, जिससे पर्यटन को नई गति मिलेगी। गौरतलब है कि बीते वर्षों में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित एडवेंचर स्पोर्ट्स मीट ने भी इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई थी, जिसमें देशभर से आए प्रतिभागियों ने साहसिक गतिविधियों में भाग लिया था।पर्यटन मानचित्र पर और मजबूती से उभरेगा ऊना जिला उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्राथमिकता है कि पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। गोविंद सागर झील में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और ऊना जिला पर्यटन मानचित्र पर और अधिक मजबूती से उभरेगा। मुख्यमंत्री के विजन को मिल रहा धरातल पर स्वरूप : विवेक शर्मा कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्पष्ट विजन है कि पर्यटन को प्रदेश के आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनाया जाए।कुटलैहड़ विस के अंदरोली में गोविंद सागर झील में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की शुरुआत इसी विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे क्षेत्र में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर बनने के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# संस्कृत महाविद्यालय डोहगी में धूमधाम से मनाया गया वसन्त पंचमी उत्सव

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ जोगिंदर देव आर्य



मां सरस्वती के परम पावन प्राकट्योत्सव पर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी में वसन्त पञ्चमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की वैदिक विधि विधान से पूजा की गई। महाविद्यालय के वेद विभाग के आचार्य डा. महेश शर्मा ने इस पूजन विधि को सम्पन्न किया। पूजन कार्यक्रम में यजमान के रूप में महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डा. केदार दत्तपुरोहित, श्री मानो व मातृशक्ति श्रीमती अंजु कुमारी, सुश्री अनीता रानी, डा. कृष्णा नेगी, श्रीमती कपिला पुरोहित, डा. अरुणा देवी श्रीमती पूजा शर्मा व छात्र छात्राओं ने भाग लिया। पूजन के पश्चात् आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की शास्त्री अन्तिम वर्ष की छात्रा वैष्णवी व अनुराधा ने सरस्वती स्तोत्र प्रस्तुत किया। शास्त्री द्वितीय वर्ष के छात्र अंशुल ने सरस्वती के प्राकट्य के विषय में भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के ज्योतिष विभाग के आचार्य डा. मुकेश कुमार शर्मा ने वसन्त पंचमी उत्सव के आयोजन की पृष्ठभूमि के सन्दर्भ में पौराणिक ऐतिहासिक व वैज्ञानिक पक्षों को प्रस्तुत किया। अपने भाषण में मुख्य वक्ता ने आज के दिन जन्मे धर्मवीर बालक हकीकत राय के धर्म के लिए बलिदान के विषय में तथा बाबा रामसिंह कूका के समाजिक बुराईयों के खिलाफ व देश के स्वातन्त्र्य के लिए बलिदान को याद करवाया तथा छात्रों को देशहित के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि डा. कृष्णा नेगी ने आज के पावन अवसर पर सभी छात्रों को सतत ज्ञानार्जन करते रहने व नशे से दूर रहने की प्रेरणा प्रदान की। डा. नेगी ने अपने वक्तव्य में अनेकों उदाहण देकर फोन के सही उपयोग की आवश्यकता को बतलाकर छात्रों को वसन्त पंचमी की शुभकामनाएं प्रदान की। क्रार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डा. केदार दत्त पुरोहित ने मार्कण्डेय पुराण के आधार पर मां सरस्वती के प्रकट होने की कथा से सभी को अवगत करवाते हुए वसन्त पंचमी के शास्त्रीय विमर्श को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संचालक डा. नरेन्द्र कुमार ने वसन्त पंचमी के प्रसङ्ग में ऐतिहासिक तथ्यों से सभी को अवगत कराते हुए पृथ्वीराज चौहान के वसन्त पंचमी के दिन बलिदान को स्मरण करते हुए इस कार्यक्रम के प्रधान प्रेरणा स्रोत महा-विद्यालय के प्राचार्य डा. लाल सिंह पठानिया व कार्यक्रम में उपस्थित सभी महानुभावों प्राध्यापकों कर्म-चारियोँ व छात्रों का धन्यवाद किया।

# 25 जनवरी को दौलतपुर में सजेगा विराट हिंदू सम्मेलन, बाबा बाल जी महाराज देंगे दिव्य आशीर्वचन

जागो वर्ल्ड - दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा



दौलतपुर क्षेत्र में सनातन संस्कृति के उत्थान एवं हिंदू समाज की एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आगामी 25 जनवरी 2026 को एक भव्य 'विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्था हिंदू संस्कृति समिति मण्डल, दौलतपुर के तत्वावधान में किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन तलवाड़ा रोड स्थित पीबीआर (PBR) मुख्य बाजार में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के हिंदू समाज एवं धर्म प्रेमी नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन में अध्यात्म के पुंज एवं प्रख्यात संत परम पूजनीय गुरु बाबा बाल जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। बाबा बाल जी महाराज के सान्निध्य में सनातन धर्म की गौरवशाली परंपराओं, हिंदू संस्कृति के संरक्षण तथा समाज में नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को महाराज जी के दिव्य प्रवचन एवं आशीर्वचन प्राप्त करने का सौभाग्य मिलेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा: समिति के अनुसार विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन दोपहर 11:00 बजे से 2:00 बजे तक किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, संगठन और जागरूकता को सशक्त करना तथा विशेष रूप से युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। समिति की अपील:हिंदू संस्कृति समिति मण्डल, दौलतपुर के संयोजक नरेश शर्मा तथा सह संयोजक मोहन लाल, संदीप शर्मा काकू, कैप्टन हैप्पी, प्रदीप शर्मा, राजीव 'राजू कैप्टन परमार, कैप्टन विकास सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, माताओं- बहनों एवं युवाओं से सपरिवार इस विराट सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पधारने की विनम्र अपील की है। समिति ने कहा कि "धर्मो रक्षति रक्षितः' के पावन मंत्र के साथ आयोजित इस सम्मेलन में सहभागिता कर धर्म लाभ उठाएं और हिंदू संस्कृति की रक्षा के संकल्प को सशक्त बनाएं।

# ऊना में मिशन मोड में आगे बढ़ रहा सीएम सुक्खू का 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम

## खुद उदाहरण प्रस्तुत कर राह दिखा रहे डीसी जतिन लाल, स्कूलों में बच्चों के बीच बिता रहे समय

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट



### अधिकारियों को निर्देश स्कूलों में नियमित समय दें, बच्चों से संवाद करें

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी पहल 'अपना विद्यालय हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम ऊना जिले में मिशन मोड में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उपायुक्त जतिन लाल की सतत मॉनिटरिंग और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से सरकारी विद्यालयों में न केवल शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास लक्ष्य- बोध और आगे बढ़ने की ठोस प्रेरणा भी विकसित हो रही है।उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की मूल भावना अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता और नियमित संवाद के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में गुणात्मक एवं प्रेरणात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है। ताकि विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिले, ज्ञान का सार्थक आदान -प्रदान हो, विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके और आवश्यक सुविधाओं के विकास को गति मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने गोद लिए गए विद्यालयों में नियमित समय दें और विद्यार्थियों से निरंतर जुड़ाव बनाए रखें।पहले चरण में गोद लिए 83 सरकारी स्कूल जतिन लाल ने बताया कि 'अपना विद्यालय- हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम÷ के अंतर्गत ऊना जिले में प्रथम चरण में 83 सरकारी विद्यालयों को शामिल किया गया है। विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विद्यालय गोद लिए गए हैं।बता दें, उपायुक्त ऊना ने स्वयं जिले के चार सरकारी विद्यालय गोद लिए हैं, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) ऊना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां, बंगाणा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुसाड़ा, अम्ब शामिल हैं। वे इन विद्यालयों में नियमित रूप से जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते हैं और अन्य गोद लिए गए विद्यालयों का भी समय-समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेते हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक ऊना, एडीसी, एएसपी, एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, डीएसपी सहित अन्य प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी भी अपने-अपने गोद लिए गए विद्यालयों में नियमित रूप से पहुंचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।करियर गाइडेंस से लेकर व्यक्तित्व विकास तक मिल रहा सहयोगगोद लिए गए विद्यालयों में अधिकारी अपनी विशेषज्ञता के अनुरूप करियर गाइडेंस, व्यक्तित्व विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी, पढ़ने लिखने की आदत विकसित करने तथा सकारात्मक जीवन दृष्टि जैसे विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद कर रहे हैं। साथ ही विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप लाइब्रेरी, आईसीटी सुविधाएं खेल गतिविधियां और अन्य आधारभूत संसाधनों को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।विद्यालयों में समय देकर बच्चों के सपनों को संबल दे रहे हैं उपायुक्त गौरतलब है कि उपायुक्त जतिन लाल गोद लिए गए विद्यालयों में नियमित रूप से विजिट कर विद्यार्थियों के साथ समय बिताते रहे हैं। वे बच्चों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा निरंतर परिश्रम के लिए प्रेरित करते हैं। एक अवसर पर उन्होंने छात्राओं के साथ मिड-डे मील का भोजन भी साथ बैठकर किया। यह पहल भावनात्मक जुड़ाव को सुदृढ़ करने के साथ साथ विद्यार्थियों में प्रशासन के प्रति सीधा और आत्मीय संबंध विकसित करने का भी सशक्त माध्यम बनी।'टू स्पिरिट' में धरातल पर उतर रहा सीएम का विज़न उपायुक्त ने कहा कि ऊना जिले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की शिक्षा के प्रति संवेदनशील सोच को इस कार्यक्रम के माध्यम से टू स्पिरिट में धरातल पर उतारा जा रहा है। आगामी चरणों में और अधिक विद्यालयों तथा अधिकारियों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

# 24वीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए ऊना की मानसी राणा दिल्ली के लिए रवाना


जागो वर्ल्ड - तलमेहड़ा खड़ोह / रिंकू भारद्वाज



हिमाचल और पंजाब के लिए गर्व का क्षण तब बना जब 24वीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता À2026 में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की मानसी राणा का दुसरी बार चयन हुआ मानसी राणा इससे पहले भी कराटे एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नेशनल गोल्ड मेडल जीत चुकी है।बहीं पर अब दुसरी बार फिर से 24 वीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हिमाचल प्रदेश जोमासर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार उर्फ़ बाबी ने बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24-25 जनवरी को चावला शोकिन इंटरनेशनल स्कूलÀ दिल्ली में आयोजित होने जा रही है, जिसमें देशभर से चुनिंदाÀ ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग लेंगे।उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की मानसी राणा का चयन उनके शानदार खेल कौशल, कठोर मेहनत और कई सफल प्रदर्शनों के आधार पर किया गया है। एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि मानसी राणा ने पिछले कई महीनों से जिस अनुशासन और मेहनत के साथ अपनी तैयारी को निखारा है, वह निश्चित तौर पर उसे इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन तक पहुँचाएगा स्थानीय लोगों व बुद्धिजीवी वर्ग का मानना है कि मानसी राणा अपने माता- पिता गुरुजनों स्कूल क्षेत्र व जिला सहित राज्य का नाम एक बार फिर से राष्ट्रीय मंच पर चमका कर लौटेगी।

# मुबारिकपुर वार्ड नंबर-1 में पंचायत की लापरवाही, बारिश में खराब हुईं दर्जनों बोरियां

जागो वर्ल्ड- मुबारिकपुर / अंशुल ठाकुर



भारी बारिश के दौरान पंचायत कीअनदेखी के चलते करीब 15 से 16 बोरियां पूरी तरह बर्बाद हो गईं।

मुबारिकपुर पंचायत के वार्ड नंबर- 1 में पंचायत की कथित लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार हालिया भारी बारिश के दौरान पंचायत की अनदेखी के चलते करीब 15 से 16 बोरियां पूरी तरह बर्बाद हो गईं। बताया जा रहा है कि संबंधित सामग्री को समय रहते सुरक्षित स्थान पर नहीं रखा गया जिससे बारिश का पानी भरने के कारण नुकसान हुआ। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की जानकारी होने के बावजूद पंचायत प्रतिनिधियों ने समय पर कोई कार्रवाई नहीं की ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या पंचायत प्रतिनिधियों को इस स्थिति की कोई खबर नहीं थी, या फिर जानबूझकर इसे नजरअंदाज किया गया। लोगों ने मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो। फिलहाल इस संबंध में पंचायत की ओर से कोई आधि-कारिक बयान सामने नहीं आया है।

# डुमखर में हैमर बॉल टीम को खेल किट वितरण युवाओं को खेलों से जोड़ने की पहल, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ / जतिंदर शर्मा





डुमखर में हैमर बॉल एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों के लिए टीम ड्रेस एवं खेल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से खेल सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम में कुटलैहड़ रियासत के राजा महेंद्र पाल के पोते शिवेंद्र पाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए खिलाड़ियों को टीम ड्रेस एवं खेल किट प्रदान की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।हैमर बॉल एसोसिएशन के महासचिव जगदीश सहोता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन निरंतर खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है।कार्यक्रम में सचिन, विनोद कुमार, समाजसेवी ज्योति शर्मा, अमन शर्मा, सीमा शर्मा तथा भाजपा के पूर्व महासचिव सुदर्शन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। खेल किट प्राप्त कर खिलाड़ियों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। खिलाड़ियों ने आयोजकों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोग कर्ताओं और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

# रा०व० मा० विद्यालय बल्ह में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया



जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ / जतिंदर शर्मा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्ह में 1 6 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य अजय कुमार ने कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मताधिकार की भूमिका के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, प्रक्रिया तथा एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के मतदाता हैं, इसलिए उन्हें अभी से लोकतांत्रिक मूल्यों को समझना और अपनाना चाहिए। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम "My Vote, My India' रही कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली और लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में जागरूकता का सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

# संक्षिप्त खबरें

## ऊना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ट्रैक्टर लूट, चिट्टा बरामदगी व सड़क हादसों के मामलों में केस दर्ज

थाना सदर ऊना के अंतर्गत ट्रैक्टर लूट का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता संजय कुमार निवासी जादला, जिला रोपड़ (पंजाब)ने बताया कि 22 जनवरी को उनका ट्रैक्टर ईंटें लाने जा रहा था। छतरपुर ढाडा के पास एक सफेद कार सवार व्यक्ति बलजिंद्र सिंह उर्फबल्ली ने ट्रैक्टर को जबरन छीन लिया और चालक को संतोषगढ़ चौक के पास उतारकर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। इस मामले में आरोपी व अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ BNS की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

थाना टाहलीवाल पुलिस ने गश्त के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिकअप वाहन से 28.32 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की है। इस संबंध में तीन आरोपियों" संदीप कुमार, शिव शर्मा और विक्की को NDPS एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। मामले की गहन जांच जारी है।


थाना अंब क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला दर्ज किया गया है। ट्रक चालक नजीर मोहम्मद ने तेज रफ्तारी में खड़ी कार को टक्कर मारकर मौके से फरार होने का प्रयास किया। आरोपी के खिलाफ BNS व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

थाना बंगाणा के अंतर्गत लठियाणी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार गगन की मौत हो गई। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने के आरोप में 07 व्यक्तियों के चालान काटे गए, जिनसे कुल 700 रुपये जुर्माना वसूला गया।पुलिस अधीक्षक ऊना ने बताया कि सभी मामलों में जांच निष्पक्ष व तेज़ी से की जा रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

# 39.78 ग्राम चिट्टा मामले की सप्लाई चेन टूटी, ऊना से मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

जागो वर्ल्ड - हमीरपुर / ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट



हमीरपुर जिला पुलिस ने प्रतापनगर में सामने आए 39.78 ग्राम चिट्टा तस्करी मामले की गहनता से जांच करते हुए नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों से की गई पूछताछ के दौरान पुलिस को चिट्टा की सप्लाई से जुड़े कई अहम सुराग मिले, जिनके आधार पर नशे के इस अवैध कारोबार की पिछली कड़ियों को जोड़ते हुए मुख्य सप्लायर तक पहुंच बनाई गई। पुलिस द्वारा गठित विशेष टीम ने प्राप्त इनपुट्स के आधार पर ऊना जिले में दबिश दी और वहां से मुख्य सप्लायर माणिक सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.61 ग्राम अतिरिक्त चिट्टा भी बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से हमीरपुर और आसपास के जिलों में चिट्टा की आपूर्ति कर रहा था और स्थानीय स्तर पर नशे के नेटवर्क को मजबूत कर रहा था हमीरपुर पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से चिट्टा तस्करी की एक अहम सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने नशा तंत्र के अन्य पहलुओं पर भी कार्रवाई तेज करते हुए चिट्टा खरीदने वाले दो उपभोक्ताओं को चिन्हित कर लिया है। इन उपभोक्ताओं के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब केवल तस्करों पर ही नहीं, बल्कि नशा खरीदने और सेवन करने वालों पर भी सख्ती बरती जा रही है, ताकि समाज में नशे की बढ़ती समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त हर व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के लिए जिले में कोई जगह नहीं है।

# घल्लूवाल में स्वास्थ्य जांच शिविर से ग्रामीणों को मिला लाभ



जागो वर्ल्ड -ऊना / हरोली / सिमरन कौर

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली ने गांव घल्लूवाल में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में 63 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 38 मरीजों के आवश्यक मेडिकल टेस्ट किए गए। शिविर के दौरान मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर टीम सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि, मनीष ठाकुर व निहाल सिंह ने सेवाएं प्रदान कीं ।शिविर में प्रधान सोना देवी, उपप्रधान अनिल जसवाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रिंकू देवी आशा कार्यकर्ता सरोज देवी सहित स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

# नेशनल वोटर्स डे पर बच्चों ने लिखे जागरूकता स्लोगन, स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ / जतिंदर शर्मा



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धुंदला में जागरूकता से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित स्लोगन लेखन गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व मतदान के अधिकार तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के प्रति जागरूक करना रहा। बच्चों ने अपने स्लोगनों के माध्यम से यह संदेश दिया कि "मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है विद्यालय के प्रधानाचार्य किशोरी लाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल वोटर्स डे मनाने का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ना है। आज के छात्र ही कल के मतदाता होंगे, इसलिए उन्हें अभी से मतदान के महत्व को समझना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए स्लोगन " पहले मतदान, फिर जलपान' ,"मजबूत लोकतंत्र की पहचान" हर वोट का सम्मान' , "वोट डालो, देश बनाओ' ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें निष्पक्ष व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट स्लोगन लिखने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई। इस प्रकार नेशनल वोटर्स डे के अवसर पर विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

# एसआईआर के बहाने घुसपैठियों को नागरिक बनाना चाहती है देश में कांग्रेस पार्टी ,डाॅ. सिकंदर कुमार

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट









ऊना, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद ब प्रदेश महामंत्री डाॅ. सिकंदर कुमार ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के संवैधानिक प्रयास का विरोध कर विपक्ष दरअसल घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस एसआईआर के जरिये देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों को नागरिक बनाकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है? डाॅ. सिकंदर कुमार शनिवार को जिला ऊना मुख्यालय भाजपा कार्यालय के जिला ऊना के पांचों मंडलों की भाजपा मंडल मोर्चे प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्य कर्ताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तथा विकसित भारत—गारंटी फॉर राष्ट्रीय रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-ग्राम जी के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक संस्कार है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की अमूल्य धरोहर है, जो अपने समर्पण, अनुशासन और मेहनत से पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करता है। डाॅ. सिकंदर कुमार ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ग्रामीण भारत के भ्रष्टाचार मुक्त और समग्र विकास के लिए पूरी तरह प ्रतिबद्ध है। वर्ष 2005 में मनरेगा योजना की शुरुआत हुई थी,जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना था, लेकिन समय के साथ इस योजना में व्यापक भ्रष्टाचार देखने को मिला। फर्जी जॉब कार्ड, अपात्र लाभार्थियों और भुगतान में अनियमितताओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षित विकास नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने विकसित भारत गारंटी फॉर राष्ट्रीय रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-ग्राम जी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत ग्रामीण विकास की गारंटी दी गई है। रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ा कर 125 दिन किया गया है और किए गए कार्य का भुगतान 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया गया है। डाॅ सिकंदर कुमार ने कहा कि यह योजना मनरेगा की तुलना में कहीं अधिक पारदर्शी प्रभावी और तकनीक आधारित है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि विपक्षी दल इस योजना का विरोध केवल इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इसके नाम में "राम' शब्द जुड़ा हुआ है जबकि वास्तविकता यह है कि वीबी- ग्राम जी योजना ग्रामीण भारत के लिए विकास का नया अध्याय लिखने जा रही है और विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। एस आई आर के मुद्दे पर बोलते हुए डाॅ. सिकंदर कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कोई नई प्रक्रिया नहीं है। संविधान ने निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के शुद्धीकरण का अधिकार दिया है और आजादी के बाद से यह कार्य समय -समय पर होता आया है। भारत का संविधान केवल भारत के नागरिकों को ही मतदान का अधिकार देता है। ऐसे में एस आई आर के माध्यम से मतदाता सूची से अपात्र और अनाधिकृत मतदाताओं को हटाना पूरी तरह संविधान सम्मत प्रक्रिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने अपने राजनीतिक हितों के लिए देश में घुसपैठियों को बसाने और उनके अवैध वोटों के माध्यम से लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया है। अब जब उनकी सत्ता हाथ से खिसकती नजर आ रही है, तो वे जनता को गुमराह करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। डाॅ. सिकंदर कुमार ने कहा कि भाजपा कार्य कर्ताओं का दायित्व है कि वे एस आई आर और वीबी- राम राम जी दोनों अभियानों की वास्तविक और तथ्यात्मक जानकारी जनता तक पहुंचाएं, ताकि भ्रम और झूठे प्रचार का जवाब सच्चाई से दिया जा सके। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एसआईआर के विरोध पर विपक्षी दलों को करारा जवाब दे दिया है और आने वाले समय में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम की जनता भी लोकतंत्र की मजबूती के पक्ष में अपना स्पष्ट संदेश देगी विपक्ष जितना अधिक विरोध करेगा, भाजपा कार्यकर्ता उतनी ही मजबूती से राष्ट्रहित के इन अभियानों का प्रचार करेंगे। बैठक के दौरान डाॅ. सिकंदर कुमार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व भाजपा के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने भी अपने विचार रखे। बही राज्यसभा सांसद डॉ सिकंदर का ऊना पहुंचने पर भव्य स्वागत और मंच से सम्मानित भी किया इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास, पूर्व विधायक बलबीर चौधरी प्रो राम कुमार कुटलैहड़ के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

**हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला में आज राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार का पार्टी ऑफिस पहुंचने पर भाजपा विधायक व अन्य पदाधिकारी द्वारा भव्य स्वागत किया गया पार्टी कार्यालय में आज एसआई आर और बीबीजी राम को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया मीडिया से रूबरू होते हुए राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने बताया की एसआई आर और बीबीजी राम को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अभियान देशभर में चलाया है कांग्रेस पार्टी द्वारा दोनों अभियानों को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है इन अभियानों में कांग्रेस के भ्रमजाल को वेनकाब का कर जनता का जन जागरण किया जा रहा है की सच्चाई क्या है एस आई आर मतदाता सूची का शुद्धिकरण है उसको लेकर कांग्रेस पार्टी जनता के बीच एक झूठ फैला रही है**

Editor .printer and publisher pankaj kumar on behalf , Kji mieda network una Himachal 174303 from publish M/S Danik bhaskar Crop.LTD.,malikpur.sirhind ,distt.,Fatehgarh Sahib, punjab and publish from jago times ,fIrst ‡our saini market near joshi medical store old hoshiyarpur road teh.and distt.UNA दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र ऊना में ही होगा फोन नंबर 97362-23261,82610-88888 www.dainikjagoworld.com

## लोक निर्माण मंत्री ने 1.14 करोड़ से निर्मित होने वाले सांगटी-सन्होग पंचायत सामुदायिक केन्द्र का वर्चुअली किया शिलान्यास

### *शिमला ग्रामीण विस क्षेत्र में पिछली सरकार के दौरान बनाई 8 नई पंचायतों में से 7 पंचायतों को भवन स्वीकृत*

जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर



प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज सचिवालय से शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांगटी -सन्होग के 1.14 करोड़ की लागत से निर्मित होने पंचायत सामुदायिक केन्द्र (पंचायत भवन) का वर्चुअली शिलान्यास किया और पंचायत क्षेत्र के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि पिछली भाजपा सरकार के दौरान पंचायतों का पुनर्गठन किया गया था। पुनर्गठन से शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में इस क्षेत्र की पंचायतों के कुछ हिस्सों को तोड़कर 8 नई पंचायतों को बनाया गया था जिसमें से 7 पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं सहित नए पंचायत भवन के निर्माण के लिए बजट उपलब्ध करवा दिया गया है जिसमें से कुछ का निर्माण कार्य जारी है और कुछ का लोकार्पण कर दिया गया है। सिर्फ एक पंचायत शेष बची है जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने पंचायत प्रधान राहुल कश्यप, उपप्रधान मनोज शर्मा तथा अन्य जन प्रतिनिधियों सहित डीएफओ वाइल्डलाइफ शिमला की पीठ थपथपाते हुए कहा कि इन सभी के सहयोग से छः महीने के भीतर फॉरेस्ट क्लीयरेंस सहित सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गई है। उन्होंने पंचायत सामुदायिक भवन के लिए भूमिदान कर्ता विक्रम ठाकुर, रूपसिंह ठाकुर तथा चमन ठाकुर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भूमिदान करना एक साहसिक कार्य है। समाज एवं मानवता की सेवा के लिए हम सब को आगे आना चाहिए ताकि इलाके में सड़कों के निर्माण सहित गांव एवं पंचायत क्षेत्र का विकास बिना रुकावट आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि आज भारी बारिश एवं बर्फबारी के कारण वह कार्यक्रम स्थल तक नहीं जा पाए जिस कारण पंचायत सामुदायिक केन्द्र (पंचायत भवन) सांगटी-सन्होग का शिलान्यास वर्चुअली करना पड़ा। उन्होंने कहा कि विधायक या मंत्री का विधानसभा क्षेत्र में लोग अपनी समस्याओं से अवगत करवाने के लिए बेसब्री से इंतजार करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में ना पहुंच पाने के लिए खेद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि सांगटी- सन्होग पंचायत तथा साथ लगती नेरी व चायली पंचायत क्षेत्र के लोगों की जो भी बिजली, पेयजल तथा सड़क से संबंधित मांगें या अन्य किसी भी प्रकार की समस्याएं होगी उनको प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा जिसके लिए वह स्वयं सर्दियों के बाद शीघ्र ही इस इलाके का दौरा करेंगे और अधिकारियों के सहयोग से लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य लता वर्मा, पंचायत समिति सदस्य निधि ठाकुर, पीसीसी महासचिव जितेन्द्र ठाकुर, स्थानीय ग्राम पंचायत सांगटी- सन्होग के प्रधान राहुल कश्यप, उपप्रधान मनोज शर्मा, प्रधान ग्राम पंचायत नेरी हेमंत शर्मा, पूर्व प्रधान देवेंद्र ठाकुर, चायली पंचायत उपप्रधान मोहन सिंह वर्मा, सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी गण, आसपास की पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि, युवक एवं महिला मंडल सदस्यों सहित ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपायुक्त ने दिलाई मतदान की शपथ



जागो वर्ल्ड / धर्मशाला / राकेशकुमार

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के उपलक्ष्य में आज उपायुक्त हेमराज बैरवा ने उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा रखते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक नागरिक को मताधिकार प्रदान किया है, जो लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है कि वह अपने इस अधिकार का प्रयोग निर्भीक, निष्पक्ष और जिम्मेदारी के साथ करे। उपायुक्त ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि मतदान करते समय किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा अथवा व्यक्तिगत लाभ से प्रभावित हुए बिना केवल राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती को ध्यान में रखते हुए मतदान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) मोहित रत्न, नायब तहसीलदार निर्वाचन संजय कुमार सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनजीटी तथा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करें सभी विभाग: एडीसी

जागो वर्ल्ड / धर्मशाला / राकेशकुमार



सभी विभाग नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला में आज शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के तहत कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने यह बात कही। बैठक में जिला में एनजीटी के तहत गठित समितियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। एडीसी ने कहा कि एनजीटी के नियमों को लेकर सभी अधिकारी अपने- अपने विभाग के कार्यों के प्रति जिम्मेदार रहें तथा इसकी अनुपालन के लिए अपने- अपने क्षेत्रों में तेजी से कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में स्वच्छता बनाए रखने के दृष्टिगत नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट तथा कंस्ट्रक्शन वेस्ट आदि के प्रबंधन के लिए जो नियम बनाए गए है, उनका सफल तरीके से क्रियान्वयन विभाग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस एवं तरल कचरे का सही निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकता है, इस दिशा में भी विभागों को कार्य करना चाहिए। बैठक में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के तहत जिला में स्वास्थ्य सुविधाओं, जिला में बायो मेडिकल वेस्ट की मात्रा व उनका प्रबंधन, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा जिला में चल रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली, निर्माणाधीन प्लांट की प्रगति आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ वरूण गुप्ता ने बैठक का संचालन किया तथा विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा पेश किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

## "लंबे इंतजार के बाद हुई बारिश किसानों के लिए बनी संजीवनी"

जागो वर्ल्ड / बीबीएन / स्वास्तिक गौतम



लंबे अरसे बाद हुई बारिश ने जहां क्षेत्र में मौसम को सुहावना और ठंडक भरा बना दिया है, वहीं किसानों के लिए यह बारिश किसी संजीवनी से कम नहीं मानी जा रही है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को इससे बड़ी राहत मिली है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां खेती पूरी तरह वर्षा पर निर्भर रहती है। गुरुवार की मध्यरात्रि से शुरू हुई बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और दिनभर मौसम में ठंडक बनी रही। खेतों में नमी बढने से फसलों को सीधा लाभ पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है, जिससे हल्की से मध्यम बारिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में मौजूदा बारिश असींचित क्षेत्रों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। इससे खेतों की मिट्टी में पर्याप्त नमी बनी है, जो रबी फसलों के लिए आवश्यक मानी जाती है। क्षेत्र के किसान योगेश शर्माए रविंद्र ठाकुर और प्रेम चौधरी सहित अन्य किसानों ने बताया कि यह बारिश गेहूं, सब्जियों और अन्य मौसमी फसलों के लिए अत्यंत लाभप्रद है। उनका कहना है कि पर्याप्त नमी मिलने से फसलों की बढ़वार बेहतर होगी और उत्पादन में भी इजाफा होने की उम्मीद है। साथ ही, इस बारिश से फसलों में लगने वाली कई बीमारियों का खतरा भी कम होगा। वहीं कृषि विभाग के विषय-वस्तु विशेषज्ञ डा. संदीप गौतम ने कहा कि बीबीएन क्षेत्र में हो रही बारिश किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है।

### सुखी ठंड से मिलेगी राहत

सुखी ठंड के बीच हुई बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से बिना बारिश के कारण वातावरण में शुष्क ठंड बनी हुई थी, जिससे सुबह-शाम ठिठुरन और दिन में धूप की तीखी ठंडक महसूस की जा रही थी। बारिश के चलते अब हवा में नमी बढ़ी है, जिससे सुखी ठंड का असर कम होगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इससे न केवल तापमान संतुलित रहेगा, बल्कि सुबह के समय छाए रहने वाले धुंध और प्रदूषण में भी कमी आने की संभावना है। साथ ही, बदलते मौसम से स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभावों से भी लोगों को राहत मिलेगी।

## "खेल युवाओं को अनुशासित बनाते हैं और नेतृत्व सिखाते हैं: विधायक राम कुमार चौधरी"

जागो वर्ल्ड / बीबीएन / स्वास्तिक गौतम



दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि खेल युवाओं को अनुसाशित बनाकर उनमें टीम वर्क, नेतृत्व और हार-जीत को विनम्रता के साथ स्वीकार करने जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित करते हैं। राम कुमार चौधरी नालागढ़ में आयोजित पांच दिवसीय 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय अंडर- 19 गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राम कुमार चौधरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। युवाओं की ऊर्जाए उनका जोश और उनके सपने देश व प्रदेश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं की ऊर्जा का सही उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल से जहां युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से ऊर्जावान बनते हैं वहीं नेतृत्व जैसे बेहतरीन गुण उनमें विकसित होते हैं। विधायक ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने में भी खेल अहम हैं। इसी दृष्टिकोण से प्रदेश सरकार ने युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के लिए विभिन्न सकारात्मक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाडियों को दी जानी वाली डाइट मनी को 400 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपएए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 240 रुपए से बढक़ार 400 रुपए तथा ज़िला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 240 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए किया गया है। राम कुमार चौधरी ने हिमाचल प्रदेश की विजेता टीम को 51 हजार रुपए तथा हरियाणा की उप विजेता टीम को 21 हजार रुपए की राशि अपनी ओर से प्रदान की। राम कुमार चौधरी और हरदीप सिंह बावा ने इस अवसर पर खिलाडिय़ों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा ने प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

### ये रहे मौजूद

ज़िला सोलन के कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चंद बरमानी, कांग्रेस नेता हुस्न चंद ठाकुर, उपमंडलाधिकारी नालागढ़ नरेन्द्र आहलूवालिया, पुलिस उपाधीक्षक नालागढ़ भीष्म ठाकुर, शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डा. जगदीश चंद नेगी, उप निदेशक उच्च शिक्षा मोहिंदर चंद पिरटा, उप निदेशक उच्च शिक्षा सोलन राजेंद्र वर्मा, उप निदेशक उच्च शिक्षा सोलन गोपाल सिंह चौहान, हिमाचल प्रदेश स्कूल खेल संघ के सहायक निदेशक अजय पांटा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित देश के 28 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## "सोलन नगर निगम में बड़ा एक्शन: घटिया झूले वापस, ठेकेदार पर गिरी गाज"

जागो वर्ल्ड / सोलन / स्वास्तिक गौतम



नगर निगम सोलन के कई वार्डों में लगाए गए झूले घटिया गुणवत्ता के निकले हैं। अतिरिक्त आयुक्त की जांच में यह तथ्य सामने आया है, जिसके बाद ठेकेदार को सामान वापस लेने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। पार्षदों की शिकायतों के बाद कमिश्नर एकता कपटा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए निगम की कार्यप्रणाली में नई मिसाल कायम की है। पहली बार ऐसा हुआ है जब सप्लाई किया गया सामान वापस लिया गया हो। 6 महीने पहले झूले लगने के बाद झूले सब-स्टैंडर्ड की आशंका के चलते ठेकेदार की पेमेंट रोक दी थी। इसके बाद इसकी जांच करवाई गई। जांच रिपोर्ट के मुताबिक वार्ड नंबर 4, 7, 10 और 16 में लगाए गए झूले कुछ ही दिनों में टूटने लगे थे। पार्षदों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर अतिरिक्त आयुक्त ने तत्काल जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि झूले सब-स्टैंडर्ड सामग्री से बने थे, जो सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। बच्चे खेलते समय खतरे में पड़ सकते थे। कमिश्नर एकता कपटा ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर सामान तुरंत वापस लेने और नया टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। निगम आयुक्त ने यह कार्रवाई पार्षदों की शिकायतों और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की। कमिश्नर की ईमानदारी से अब तस्वीर बदल रही है। पार्षदों ने भी कमिश्नर की सराहना की। वार्ड 4 पार्षद ने कहाए झूले टूटने से बच्चे घायल हो सकते थे। अब गुणवत्ता पर जोर दिया जा रहा है। इस घटना ने निगम के पार्कों अब सभी झूलों को नए सिरे से लगाया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया में गुणवत्ता जांच को प्राथमिकता दी जाएगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी सामान लगाने से पहले लैब टेस्ट अनिवार्य होगा। ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि दोबारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निवासियों में कमिश्नर की इस सख्ती की खूब सराहना हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग उनकी ईमानदारी की तारीफ कर रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा, अब पार्क सुरक्षित होंगे। यह कदम स्वागत योग्य है।

## सिरमौर ज़िले के ऊपरी इलाकों में हुई भारी बर्फबारी ने जनजीवन को पूरी तरह जकड़ा





जागो वर्ल्ड-पांवटा साहिब /जीडी शर्मा

सिरमौर जिले के ऊपरी इलाकों में हुई भारी बर्फबारी ने जनजीवन को पूरी तरह जकड़ लिया है। कफोटा, शिलाई और इससे ऊपर के इलाकों में चारों ओर सिर्फ़ बर्फ ही बर्फ़ नजर आ रही है। पहाड़ सफेद चादर में लिपट चुके हैं और हालात ऐसे बन गए हैं कि ज़िंदगी मानो थम-सी गई है।कफोटा से सामने आई तस्वीरें हालात की गंभीरता साफ़ बयां कर रही हैं। सड़कों पर जमी मोटी बर्फ के कारण वाहनों का चलना नामुमकिन हो गया है, वहीं पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं। शिलाई क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक बने हुए हैं। ऊंचाई वाले इलाकों —हरिपुरधार, चांदपुरधार और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चुड़धार— में करीब दो फुट तक बर्फ जम चुकी है। कई संपर्क सड़कें पूरी तरह बंद हो गई हैं, जिससे गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। लोग जरूरी सामान और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी परेशान हो रहे हैं। बर्फबारी का असर बिजली व्यवस्था पर भी साफ दिख रहा है। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप है। हालांकि बिजली विभाग लगातार बहाली के प्रयास कर रहा है, लेकिन दुर्गम क्षेत्रों तक अभी भी बिजली नहीं पहुंच पाई है। ठंड, अंधेरा और बंद रास्ते इन तीनों ने मिलकर लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।मौसम विभाग की चेतावनी के बीच स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ गई है। अगर बर्फबारी का यह दौर जारी रहा, तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। ऐसे में प्रशासन के सामने राहत और पुनर्बहाली की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

## नेरचौक फोरलेन पर भीषण जाम, 2 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार



नेरचौक फोरलेन पर गरामोड़ा से मोड़ा देहणी तक शुक्रवार सुबह भीषण जाम लग गया। जाम की लंबाई करीब 2 किलो मीटर तक पहुंच गई, जिससे टूरिस्ट और पर्यटक घंटों तक फंसे रहे। जानकारी के अनुसार यह जाम सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच लगना शुरू हुआ, जो कई घंटों तक बना रहा। तीन दिन की छुट्टियों को लेकर बड़ी संख्या में पर्यटक मनाली की ओर रवाना हुए हैं, जिसके को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान कई एंबुलेंस भी फंस गईं, जिन्हें बाद में पुलिस की मदद से विपरीत दिशा से निकाल कर गंतव्य की ओर भेजा गया, जिससे मरीजों को राहत मिल सकी। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा औरयातायात धीरे-धीरे चलना शुरू हुआ। पुलिस प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रैफिक अपडेट लेकर निकलें और संयम बनाए रखें।

## हिमाचल प्रदेश और IWAI के बीच जल परिवहन को लेकर ऐतिहासिक समझौता

जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर



हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज केरल के कोच्चि में आयोजित 'अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद' (IWDC) की तीसरी बैठक में भाग लिया। इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने की। भारत के अंतर्देशीय जल परिवहन पर बढ़ते बल के प्रतीक के रूप में, यह बैठक क्रूज पोत " इंपीरियल क्लासिक" पर आयोजित की गई, जिसमें देश के समुद्री और नदी कनेक्टिविटी के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की गई ।बैठक के दौरान, केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने हिमाचल प्रदेश और पंजाब में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न पहलों से परिषद को अवगत कराया। उन्होंने रिवर क्रूज पर्यटन और धार्मिक पर्यटन सर्किट के विकास पर विशेष जोर देते हुए बताया कि रावी नदी ( राष्ट्रीय जलमार्ग-84) को रणजीत सागर बांध से गांधियन स्थित चमेरा बांध तक रिवर क्रूज पर्यटन के लिए विकसित किया जा रहा है, जिसकी पहली जेटी (Jetty–1) जनवरी 2026 तक पूरी होने वाली है।केंद्रीय मंत्री ने आगे सूचित किया कि सतलुज नदी ( राष्ट्रीय जलमार्ग- 98 ) को एक महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है। यह प्रस्तावित मार्ग हिमाचल प्रदेश के तत्तापानी और नैना देवी मंदिर को पंजाब के आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब सेजोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए व्यवहार्यता अध्ययन (feasibility study) वर्तमान में प्रगति पर है।इस अवसर पर, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ( I W A I ) और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य में अंतर्देशीय जलमार्गों के सहयोगात्मक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह समझौता राज्य के जल- आधारित बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए एक औपचारिक रूपरेखा प्रदान करता है।परिषद को संबोधित करते हुए, मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश में अंतर्देशीय जलमार्गों के त्वरित विकास की पुरजोर वकालत की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि चूंकि देश भर में विकसित किए जा रहे अधिकांश जलमार्गों वाली नदियाँ हिमाचल प्रदेश से निकलती हैं, इसलिए राज्य राष्ट्रीय अंतर्देशीय जलमार्ग ढांचे में एक प्रमुख हितधारक है। उन्होंने भारत सरकार से तकनीकी और वित्तीय सहायता बढ़ाने का आग्रह किया, जिसमें विशेष रूप से 'हाइड्रो- इलेक्ट्रिक कैटामारन' जहाजों के प्रावधान की मांग की गई। उन्होंने कहा कि ये जहाज पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ हैं और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ी पारिस्थितिकी के लिए पूरी तरह उपयुक्त हैं। उपमुख्यमंत्री ने अंत में भारत सरकार और IWAI के साथ मिलकर काम करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने रेखांकित किया कि इस साझेदारी का मुख्य लक्ष्य पर्यावरण के अनुकूल जल परिवहन और पर्यटन विकास को बढ़ावा देना है, जिससे अंततः रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र के सतत विकास को गति मिलेगी।

## जोगिंद्रनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 522 ग्राम चरस बरामद




जागो वर्ल्डमंडी / सचिन शर्मा

जोगिंद्रनगर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। दिनांक *23 जनवरी 2026* को थाना जोगिंद्र नगर पुलिस द्वारा गश्त व नाकाबंदी के दौरान * छाणग क्षेत्र* में एक व्यक्ति के कब्जे से *522 ग्राम चरस* बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान * सोमा राम पुत्र श्री टैंहकू राम* , निवासी * गढ़गांव, डाकघर थल्टूखोड़, तहसील पधर, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)* के रूप में हुई है। नशा रखना, बेचना या इसकी तस्करी करना एक गंभीर अपराध है। N D P S एक्ट के तहत किसी भी स्तर पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी। एसएचओ जोगिंदर नगर सकीनी कपूर ने आम जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जोगिंद्रनगर पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, लक्ष्य है — *नशा मुक्त समाज*।

## छोटा सा सफर स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए बड़ी परेशानी

जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर





शिमला के शोघी से तारा देवी तक की दूरी भले ही मात्र 14 किलोमीटर है, लेकिन भारी यातायात और वाहनों की लंबी कतारों के कारण यह छोटा सा सफर स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। स्थिति यह है कि इस दूरी को तय करने में लोगों को 4 से 5 घंटे तक का समय लग रहा है सड़क क्षमता के चलते मार्ग पर बार -बार जाम की स्थिति बन रही है। खासकर छुट्टियों के दौरान बाहर से आने वाले सैलानियों की वजह से वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ गया करना पड़ रहा है। हालांकि राहत की बात यह है कि रात भर वाहनों की आवाजाही जारी रहने के कारण सड़कों पर बर्फ जमने की समस्या फिलहाल नहीं है। लगातार ट्रैफिक है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि यातायात नियंत्रण के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके और मार्ग पर सफर फिर से सुगम हो सके।

## जिला उद्योग केंद्र द्वारा महिला उद्यमियों के लिए फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन

जागो वर्ल्ड-कुल्लू / प्रिया शर्मा



जिला उद्योग केंद्र द्वारा महिला उद्यमियों के लिए फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग केंद्र, कुल्लू की प्रबंधक प्रवीण लता ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय संसाधनों, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा बाजार से प्रभावी रूप से जोड़ना रहा। इसमे 70 महिला उद्यमियों ने प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन से जुड़ी। कार्यक्रम में बैंकिंग सुविधाओं, ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, विभिन्न सरकारी सब्सिडी योजनाओं, बीमा योजनाओं, उद्यम पंजीकरण तथा ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रियाओं से संबंधित विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सफल महिला उद्यमी इंदिरा देवी ने जिला उद्योग केंद्र, कुल्लू के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत ₹10 लाख का ऋण प्राप्त कर अपने हैंडलूम व्यवसाय को सफलतापूर्वक स्थापित करने का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनके उद्यम से प्रतिवर्ष लगभग ₹18 –20 लाख का टर्नओवर प्राप्त हो रहा है।इसके अतिरिक्त सफल उद्यमी अभिरूप सल्हूरिया ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ₹32 लाख का ऋण, जिसमें ₹8 लाख की सब्सिडी शामिल है, प्राप्त कर अपने फ्लेक्स प्रिंटिंग एवं एडवर्टाइजमेंट व्यवसाय को सफलतापूर्वक संचालित करने के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम उद्देश्य महिला उद्यमियों की वित्तीय पहुँच को सुदृढ़ करना, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा बाजार से प्रभावी रूप से जोड़ना रहा।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इनमें एनएसआईसी से मुख्य प्रबंधक शशलोकेश भाटिया, आरसेटी कुल्लू के निदेशक चंदर नारायण सिंह, एलडीएम कार्यालय से वरिष्ठ अधिकारी, अभिनव ठाकुर (मार्केटिंग ऑफिसर), श्रीधर (एग्रीकल्चर ऑफिसर), दिप्तांशु ठाकुर (मार्केटिंग ऑफिसर), ग्रामीण विकास विभाग/ एनआरएलएम से मिशन एक्जीक्यूटिव नीरज शर्मा, तथा उद्योग विभाग के परियोजना स्टाफ राजेंद्र शर्मा, अभिनेत शर्मा, महेंद्र, प्रिया एवं दिव्य प्रकाश उपस्थित रहे।

## भारी बारिश और तेज तूफान ने एक गरीब परिवार की खुशियां उजाड़ दीं

जागो वर्ल्ड-बिलासपुर/सुभाष चन्देल



जिला बिलासपुर के उपमंडल स्वारघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटेहला के गांव काथला में भारी बारिश और तेज तूफान ने एक गरीब परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। तेज तूफान के कारण गरीब परिवार का आशियाना उड़ गया हालांकि 3 _ 4 फरवरी को दो बेटियों की शादी थी घर में तैयारी चल रही थी लेकिन तूफान और बारिश ने सब तहत नहस कर दियाकाथला गांव निवासी संजय पाल पुत्र श्री प्यारेलाल जो कि ट्रक ड्राइवर है गरीब परिवार से संबंधित है उसका आशियाना बीती रात हुई मूसलाधार बारिश और तूफान की चपेट में आ गया। तेज हवाओं के कारण मकान की पूरी टीननुमा छत उड़ गई, जिससे घर के भीतर रखा सारा सामान भीग गया और शादी के लिए इकट्ठा किया गया सामान पूरी तरह से खराब हो गया पीड़ित संजय पाल ने बताया कि महज 10 दिन बाद उनकी दो बेटियों की शादी तय है। पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। शादी के लिए खरीदा गया सामान बारिश से खराब हो गया बताया जा रहा है कि यह परिवार अत्यंत निर्धन अवस्था में जीवन यापन करता है, ऐसे में यह आपदा उनके लिए भारी संकट बनकर सामने आई है। इस मामले को लेकर क्षेत्र के समाजसेवी एवं कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नयना देवी जी ने सरकार व प्रशासन से पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को तुरंत मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करना चाहिए और परिवार को राहत प्रदान करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से भी अपील की है कि वे आगे आकर इस गरीब परिवार की मदद करें, ताकि संजय पाल अपनी बेटियों का कन्यादान सम्मान पूर्वक कर सकें।

## योजना विभाग ने 'नीति से परिणिति ' विषय पर कार्यशाला आयोजित की

जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर

लैंगिक संवेदनशील बजट को बढ़ावा देने के लिए राज्य परिवर्तन प्रकोष्ठ ने योजना विभाग के सहयोग से, जीआईजेड इंडिया और नीति आयोग क्षमता मजबूत करना था, ताकि लैंगिक संबंधी नीतिगत प्रतिबद्धताओं को मापने योग्य बजटीय कार्यवाहियों में बदला जा सके। इससे हिमाचल प्रदेश में समावेशी विकास और सामाजिक समानता सुनिश्चित होगी।कार्यक्रम साधन है। सफलता के लिए सिर्फ प्रशासनिक पालन नहीं, बल्कि सोच में बुनियादी बदलाव जरूरी है। योजना विभाग और जीआईजेड इंडिया के विशेषज्ञों ने लैंगिक विश्लेषण, डेटा-आधारित निर्णय लेना और निगरानी ढांचे पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया इससे विभाग अपनी मौजूदा योजनाओं में लैंगिक दृष्टिकोण जोड़ सकेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंजगाईं में एक करोड़ रूपए की लागत से निर्मित किए जाने वाले परीक्षा भवन का शिलान्यास

जागो वर्ल्ड- बिलासपुर/सुभाष चन्देल

हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा एवं मुद्रण व लेखन सामग्री मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को उपमंडल सदर बिलासपुर के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंजगाईं में एक करोड़ रूपए की लागत से निर्मित किए जाने वाले परीक्षा भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और रोजगारोन्मुखी शिक्षा व्यवस्था विकसित करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि आगामी वित्त वर्ष में राज्य सरकार द्वारा कुल बजट का लगभग 17 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र पर व्यय किया जाएगा, जिस पर 10000 करोड़ रूपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने



कहा कि यह निवेश न केवल आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करेगा बल्कि शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाच प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए एक मजबूत आधार तैयार किया है और वर्तमान में राज्य में प्राथमिक से वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक हजारों सरकारी शिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संसाधनों के बेहतर उपयोग और प्रशासनिक समन्वय के उद्देश्य से शिक्षा निदेशालयों का पुनर्गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत स्कूली शिक्षा निदेशालय और उच्च शिक्षा निदेशालय की स्थापना की गई है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सक्षम बनाने की दिशा में कक्षा पहली और दूसरी में अंग्रेजी माध्यम को लागू किया गया है तथा आगामी शैक्षणिक सत्र से कक्षा तीसरी से पांचवीं तक भी अंग्रेजी माध्यम अपनाया जाएगा, जिससे स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकेगा।शिक्षा मंत्री ने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हजारों प्राथमिक विद्यालयों में प्री- प्राइमरी कक्षाएं आरंभ की जा रही हैं तथा इसके लिए ईसीसीई ट्यूटर की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बच्चों की रुचि के अनुरूप पाठ्य सामग्री विकसित करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन के सहयोग से विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। शिक्षकों की उपलब्धता को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों में लगभग 8000 शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं, जिनमें रिकॉर्ड बैच वाइज 4000 शिक्षकों की भर्ती शामिल है। उन्होंने जानकारी दी कि 937 टीजीटी की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और वे आगामी सत्र से पूर्व विद्यालयों में सेवाएं देंगे, जबकि 1800 जेबीटी की भर्ती चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। इसके साथ ही उच्च शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश के कॉलेजों में 387 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हिमाचल प्रदेश स्टेट सर्विस कमीशन को भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि छात्र- शिक्षक अनुपात को संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से युक्तिकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है, ताकि अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही विद्यालयों के संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए फर्नीचर, खेल सामग्री, संगीत वाद्य यंत्र और खेल मैदान जैसे संसाधनों को साझा करने की व्यवस्था लागू की गई है।रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य भर में सैकड़ों विद्यालयों को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों के रूप में अधिसूचित किया गया है, जहां स्मार्ट कक्षाएं, आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल लाइब्रेरी, वर्चुअल कक्षाएं और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों और विद्यार्थियों की डिजिटल उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को बल मिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन को प्राथमिकता देते हुए इस वर्ष लगभग 33301 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा आकलन आधारित ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया जा रहा है, जिसे कैंब्रिज विश्वविद्यालय के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ों शिक्षकों और मेधावी विद्यार्थियों को विदेश भेजा गया है, ताकि वे आधुनिक वैश्विक शिक्षण तकनीकों से अवगत हो सकें।शिक्षा मंत्री ने 'अपना विद्यालय' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत प्रदेश के हजारों विद्यालयों को विभिन्न अधिकारियों द्वारा गोद लिया गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालयी वातावरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विशेष शिक्षकों के पद सृजित कर समावेशी शिक्षा को सशक्त किया गया है तथा विद्यालय निरीक्षण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।उन्होंने यह भी बताया कि शून्य नामांकन वाले विद्यालयों को बंद या समीपवर्ती विद्यालयों में विलय कर शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक और सुदृढ़ बनाया गया है तथा मुख्यमंत्री बाल पोषित आहार योजना के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड संबंधी परामर्श जारी कर विद्यालयों में एक अनुशासित और पेशेवर वातावरण विकसित करने का प्रयास किया गया है।शिक्षा मंत्री ने कहा कि परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स और राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो प्रदेश सरकार की शिक्षा सुधार नीति की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्चुअल कक्षाओं के माध्यम से दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी विज्ञान जैसे विषयों में समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# हमीरपुर के टाउन हॉल में खिलाड़ियों के मान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

जागो वर्ल्ड- हमीरपुर/सुमित ठाकुर

जिला शिक्षा विभाग द्वारा हमीरपुर के टाउन हॉल में खिलाड़ियों के मान – सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हमीरपुर जिले का नाम प्रदेश व देशभर में रोशन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील



शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ- साथ खेलों को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की जानकारी साझा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पूर्व खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक, शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे। पूर्व खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का उद्देश्य जिले के उभरते खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाना तथा खेल संस्कृति को और अधिक मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। राजेंद्र शर्मा (अतिरिक्त खेल अधिकारी, जिला स्कूल क्रीड़ा संघ):इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला स्कूल क्रीड़ा संघ के अतिरिक्त खेल अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में 90 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जबकि राज्य स्तर पर लगभग 97 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया,छात्रों के साथ-साथ संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया जा रहा है।

## बर्फ में फंसी गाड़ियों को खुद धक्का लगाते नजर आए शिमला के मेयर



जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर

शिमला में भारी बर्फबारी के बाद सड़कों की स्थिति का जायजा लेने के लिए शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान आईजीएमसी अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क के निरीक्षण के लिए पहुंचे। नगर निगम की प्राथमिकता अस्पतालों तक पहुंचने वाले मार्गों को सबसे पहले बहाल करने की है, ताकि मरीजों और आपात सेवाओं को किसी तरह की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान आईजीएमसी सड़क पर बर्फ में फंसी कई गाड़ियों को बाहर निकालने के लिए महापौर सुरेंद्र चौहान खुद आगे आए और वाहनों को धक्का लगाते हुए नजर आए। महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शिमला शहर के विभिन्न हिस्सों में करीब 150 कर्मचारी बर्फ हटाने और सड़कों को खोलने के काम में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीमें लगातार फील्ड में मौजूद हैं और जल्द ही हालात सामान्य कर लिए जाएंगे।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास, छात्रावास सुदृढ़ीकरण, भर्ती व शैक्षणिक सुधारों पर दिए निर्देश

जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज यहां शिक्षा विभाग की एक विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ सह- पाठ्य गतिविधियों को समान महत्व दिया जाना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने छात्रावासों को प्राथमिकता बताते हुए उनके सुदृढ़ीकरण के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से माजरा स्थित छात्रावास की स्थिति का उल्लेख करते हुए वहां आ रही समस्याओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। उन्होंने आधारभूत ढांचे में सुधार, बेहतर आवास व भोजन व्यवस्था, संतुलित आहार, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुचारू परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षकों से जुड़े मुद्दों जैसे उपलब्धता, सहयोग प्रणाली, कार्य परिस्थितियां और समय पर तैनाती को शीघ्र सुलझाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालयों और महाविद्यालयों में छिपी प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें अकादमिक व अन्य आवश्यक सहयोग दिया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई और प्रशिक्षण में से किसी एक को चुनने की मजबूरी न हो। इसके लिए शिक्षण संस्थानों और छात्रावासों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में एसएमसी / कंप्यूटर शिक्षक एलडीआर तथा पीजीटी/ डीपीई एलडीआर मामलों की समीक्षा करते हुए शिक्षा मंत्री ने 22 फरवरी को एलडीआर आयोजित करने और सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। सहायक प्राध्यापकों की भर्ती से जुड़े प्रस्तावों की



भी समीक्षा की गई और इन्हें शीघ्र हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसएमसी/ कंप्यूटर शिक्षक एलडीआर तथा पीजीटी / डीपीई एलडीआर मामलों की समीक्षा करते हुए शिक्षा मंत्री ने 22 फरवरी को एलडीआर आयोजित करने और सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। सहायक प्राध्यापकों की भर्ती से जुड़े प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई और इन्हें शीघ्र हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों और महाविद्यालयों के विलय एवं एकीकरण से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे सभी निर्णय छात्रों के हित में, उनकी पहुंच, सुरक्षा, शैक्षणिक निरंतरता और सीखने के परिणामों को ध्यान में रखकर ही लिए जाएं। विलय या युक्तिकरण से प्रभावित विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधाएं तेजी से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।शैक्षणिक सुधारों की समीक्षा करते हुए शिक्षा मंत्री ने आगामी सत्र से विद्यालयों में बागवानी और वानिकी को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू करने की प्रक्रिया तेज करने को कहा। टैबलेट वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए शेष टैबलेट शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए गए, ताकि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।चार वर्षीय बी. एड. , बी. पी. एड. और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को अधिसूचना के बाद महाविद्यालयों में शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से ये पाठ्यक्रम संचालित हो सकें। एनटीटी शिक्षकों की भर्ती के संबंध करने तथा शेष रिक्त पदों को वैकल्पिक व त्वरित माध्यमों से भरने के निर्देश दिए।अन्य निर्देशों में महाविद्यालय रैंकिंग के लिए समय -सीमा तय करना, पूर्व घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा, उप निदेशकों की बैठक की तिथि तय करना और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना शामिल रहा। शिक्षा मंत्री ने आगामी बजट सत्र के लिए विस्तृत प्रस्ताव और सुझाव प्रस्तुत करने को भी कहा, जिसमें छात्रावासों, आधारभूत ढांचे, प्रशिक्षण सहयोग, प्रतिभा विकास कार्यक्रमों, शैक्षणिक सुविधाओं और छात्र कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में सचिव शिक्षा राकेश कंवर, परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजेश शर्मा, निदेशक उच्च शिक्षा अमरजीत, निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुल्लू इनर अखाड़ा में बारिश का खौफ, लोग दहशत मेंमठ सड़क से नीचे बहता पानी बना खतरा

जागो वर्ल्ड-कुल्लू /प्रिया शर्मा



कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मठ सड़क से नीचे की ओर बहता तेज़ पानी साफ़ संकेत दे रहा है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इनर अखाड़ा की ओर भारी नुकसान होना तय है। दिन के समय बारिश के हालात ही इतने खराब रहे कि लोगों में डर बना रहा, जबकि शाम होते -होते हालात और भी बत्तर हो गए। अंधेरा होने के कारण लोग स्थिति का वीडियो तक नहीं बना पाए ,लेकिन ज़मीनी हालात बेहद चिंताजनक बताए जा रहे हैं। इनर अखाड़ा बाजार के निवासी बारिश को लेकर इतने भयभीत हैं कि वे रोज़ सुबह और शाम मोबाइल पर मौसम अपडेट देखने को मजबूर हैं। पिछली आपदा और भारी बारिश की दहशत अभी तक लोगों के मन से नहीं निकल पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मठ सड़क से बहने वाले पानी की उचित निकासी और सुरक्षा इंतज़ाम नहीं किए गए तो इनर अखाड़ा क्षेत्र को गंभीर नुकसान हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संभावित खतरे को देखते हुए मौके पर निरीक्षण कर तुरंत सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## सड़क धंसने कारण फतेहपुर - बड़ूखर बाया नंगल मार्ग हुआ बंद



जागो वर्ल्ड / फ़तेहपुर / निशा

बीती रात से क्षेत्र में रुक - रुक कर हो रही बारिश कारण फतेहपुर - बड़ूखर मार्ग का एक हिस्सा धंस गया. जिस कारण उक्त मार्ग पर बाहनो की आबाजाही रोक दी गई है. इसी बिषय पर जानकारी देते हुए बिभागीय कनिष्ठ अभियंता गणेश कुमार शर्मा ने बताया उक्त मार्ग पर सुनहारा - पैह मोच के मध्यस्थल पर सड़क धंस गई है जिस कारण बाहनो की आबाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है| बताया इस दोरान बाहन चालक के लिए फतेहपुर -बड़ूखर बाया मलहंता व फतेहपुर - बड़ूखर बाया सुनहारा - खडोण मार्ग बैकल्पिक रहेगा| कहा बिभाग को जैसे ही सड़क धंसने की जानकारी मिली तुरंत उक्त स्थल पर पहुंच कर बाहनो की आबाजाही के लिए मार्ग को बंद कर दिया गया ! ज्वाली से राजेश कतनौरिया कि रिपोरट !

## विकसित भारत निर्माण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने का मंच है "YUVA CHANGEMAKERS": अनुराग सिंह ठाकुर

जागो वर्ल्ड - हमीरपुर / सुमित ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के युवाओं को राजनीति, पॉलिसी, व नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से आज धर्मशाला में एक लीडरशिप फेलोशिप कार्यक्रम "Yuva ChangeMakers" की शुरुआत की। धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश के कोने- कोने से आए वरिष्ठ पत्रकारों, प्रतिष्ठित संस्थानों व जेन- जी इन्फ्लूएंसरों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में "Yuva ChangeMakers" की महत्ता, आवश्यकता, उपयोगिता व इसके प्रावधानों पर विस्तृत प्रकाश डाला। अनुराग सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक वृहद प्रजेंटेशन के ज़रिए इस कार्यक्रम में भागीदारी करने व युवाओं की शक्ति को राष्ट्रनिर्माण में लगाने के अपने विचारों को साझा किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा "भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा आबादी का देश है और भारतीय जनता पार्टी व मोदी सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने व भविष्य का नेतृत्व तैयार करने के लिए कृतसंकल्पित है। गत दिनों हम्मे देखा की विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा ने 45 वर्षीय युवा नितिन नबीन को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार 1,00,000 युवाओं को राजनीति में लाने की बात कही है। मेरे अपने हिमाचल प्रदेश के युवाओं को राजनीति में लाने, पॉलिसी में उनकी समझ और विकसित करने, नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी तैयार करने व उनकी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय भागीदारी को मजूबत करने के उद्देश्य से मैं "Yuva ChangeMakers"एक लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम शुरू कर रहा हूँ। हम इस कार्यक्रम के माध्यम से राजनीति कुशल, शासन दक्ष ,नीतिपरक समझ व सामाजिक तौर पर संवेदनशील नेतृत्व की अगली पीढ़ी तैयार करने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम समाज के लिए ज़िम्मेदार, समझदार और आत्मविश्वास से परिपूर्ण युवाओं को तैयार करने की दिशा में पहल है जो राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान दे सकें" अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा " Yuva ChangeMakers"कार्यक्रम के चार मुख्य उद्देश्य हैं।1. युवा



जुड़ाव 2. सामुदायिक प्रभाव 3. नेतृत्व विकास 4. प्रतिभा पाइपलाइन। युवाओं का चयन एक संरचित लीडरशिप प्लेटफॉर्म के लिए किया जाएगा। उन्हें असली दुनिया के प्रोजेक्ट्स और मेंटरशिप से रूबरू कराया जाएगा। जिसमें युवाओं को छोटे- छोटे माइक्रो प्रोजेक्ट्स दिए जाएंगे, जिनमें आपको अपने स्थानीय विधानसभा क्षेत्र / निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को हल करना होगा और इसी तरह उन्हें राजनीति, शासन, और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में एक मंझा हुआ नेता बनने के लिए तैयार किया जाएगा। इस कार्यक्रम के पहले चरण में हिमाचल स्थापना दिवस यानी की 25 जनवरी से इसकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होगी और हमने 10,000 रजिस्ट्रेशन का टारगेट रखा है जोकि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से होगा इसके लिए आप हमारी वेबसाइट / सोशल मीडिया हैंडल्स पर जा सकते हैं। हम कॉलेजों में जाएंगे और कैंप लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को इस पहल से जोड़ेंगे" अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा "Yuva ChangeMakers" कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया होगी। स्टेप 1 : आवेदन मूल्यांकन, नेतृत्व अनुभव, सामुदायिक जुड़ाव, के कौशल को देखते हुए और एक छोटा प्रेरणा निबंध या वीडियो के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा जिसमें युवा साथी बताएंगे कि वो कौन सा बदलाव लाना चाहते हैं। स्टेप 2 : ऑनलाइन योग्यता और नेतृत्व परीक्षा में युवाओं की क्रिटिकल थिंकिंग ,और समस्या-समाधान क्षमता का मूल्यांकन होगा। इसके बाद प्रत्येक जिले में लगभग 900 से 1200 उम्मीदवारों में से 100 से 150 तक युवाओं को जिला-स्तरीय साक्षात्कारों के माध्यम से चयनित किया जाएगा। तीसरे चरण में प्रत्येक जिले के टॉप 100-150 युवा जिला युवा बूटकैंप में शामिल होंगे। और इसके चौथे चरण में पूरे प्रदेश से 200 से 300 युवा 5 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बूटकैम्प का हिस्सा बनेंगे। इसके बाद बड़े कार्यक्रम में चुने गए भाग्यशाली फाइनलिस्ट युवा को अपने विजन पेपर ( जैसे अपने जिले/ हिमाचल प्रदेश के लिए एक तरह का मेनिफेस्टो) प्रस्तुत करने का मौक़ा मिलेगा जिसका लाइव प्रसारण होगा। पांचवें चरण में 40 से 50 उम्मीदवारों का चयन होगा। और इन 40 या 50 शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों में से अंत में 17 या 21 को चेंज मेकर्स की भूमिका के लिए चुना जाएगा। जैसे जनप्रतिनिधि ईश्वर और संविधान की शपथ लेते हैं वैसे भी युवा चेंज मेकर भी सेवा, समर्पण के साथ समाज को इमानदार नेतृत्व देने का शपथ लेंगें। चुनिंदा युवा चेंजमेकर के लिए यह एक साल का फेलोशिप प्रोग्राम होगा और ये चेंजमेकर सीधे मेरे साथ मेरे constituency projects में काम करेंगें" अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा "एक नेतृत्वकर्ता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि वह कैसे जनता को अपनी बातों से अपने विचार से प्रभावित करता है।

## स्व० बाबू धर्मचंद जी समाजसेवा में सदैव अग्रणी रहे, उनके दरवाज़े से कभी कोई निराश नहीं लौटा :- पूर्व विधायक रमेश गुप्ता

जागो वर्ल्ड -हरियाणा / अश्वनी वालिया

कुरूक्षेत्र बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम लाडवा में बसंत पंचमी पर दानवीर कर्ण के नाम से विख्यात रहे स्वर्गीय बाबू धर्मचंद गुप्ता जी की 31 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय बाबूजी के सुपुत्रों पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, हरियाणा राइस एसोसिएशन के पूर्व प्रधान प्रवीण गुप्ता व प्रदीप गुप्ता सहित पूरे परिवार ने बाबूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व विधायक बाबू रमेश गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय बाबू धर्मचंद गुप्ता जी ने क्षेत्र के लोगों के लिए अपने द्वार खोल रखे थे और उनके दरवाजे से कभी कोई निराश नहीं लौटा। उनके द्वारा दी गई विरासत को आज परिवार की तीसरी पीढ़ी संभाल रही है और दान कार्यों में हुआ समाज सेवा में बढ़- चढ़कर अपना योगदान देती है। उन्होंने वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को दी जा रही सेवाओं के लिए वृद्धआश्रम संचालन समिति के सदस्यों की सराहना की और सहयोग राशि के रूप में 31000 रुपए भेंट किए। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने कहा कि स्वर्गीय बाबू धर्मचंद गुप्ता जी लाडवा की पहचान थे। उन्होंने अपने कार्यों से लाडवा का नाम प्रदेश व देश में चमकाया। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के सचिव अनुज गोयल ने स्वर्गीय बाबू धर्मचंद गुप्ता जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. बाबू जी ने हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद की और अपने कार्यों को प्रचार प्रसार से दूर रखा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल में स्वर्गीय बाबूजी समानरूप से लोकप्रिय थे और सभी उनका बहुत आदर करते थे। इस अवसर पर स्व. धर्मचंद गुप्ता जी के तीनों पुत्रों बाबू रमेश गुप्ता प्रवीण गुप्ता व प्रदीप गुप्ता ने वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों को भोजन कराया और उनका हाल- चाल जाना। इस अवसर पर मदनलाल गोयल सुरेश कंसल संजय सिंगला कुंवर सिंघल वह जानकी दास सहित वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों में प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

## प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनाई गई बसंत पंचमी व सुभाष चंद्र बोस को किया याद वृद्धाश्रम ने नन्ही बालिकाें ने कत्थक नृत्य के माध्यम से मां सरस्वती की वंदना एवं स्तुति की



जागो वर्ल्ड -हरियाणा /अशवनी वालिया

अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र देश के विभिन्न राज्यों से घरों से निकाले गए व अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय देने वाले प्रेरणा वृद्धाश्रम में शुक्रवार को सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धा पुष्प अर्पित कर याद किया गया। इस मौके पर भारत माता के महान सपूत, क्रांतिकारी, तेजस्वी, संघर्षशील व्यक्तित्व सुभाष चंद्र बोस को बड़ी शिद्दत के साथ स्मरण किया गया। उनके बारे में प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस जैसे नेता विरले ही होते हैं। उनकी देश के प्रति निष्ठा पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है। आजाद हिंद फौज का गठन करके उन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य की चूले हिला दी थी। वे कभी किसी से डरे नहीं, झुके नहीं सदा निडर रहे। उनकी हौसले की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इस अवसर पर जर्मनी निवासी भारत की एक बेटी श्रुति ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि जर्मनी में सुभाष चंद्र बोस को बड़े इज्जत से याद किया जाता है। उन्होंने हिटलर के सामने डटकर अपनी बात रखी और फिर हिटलर को विवश होकर अपनी पुस्तक से भारत के बारे में लिखे हुए गलत शब्द हटाने को विवश होना पड़ा था। इस अवसर पर वीर हकीकत राय को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी वीरता के बारे में हरकेश पपोसा ने कविता के माध्यम से मार्मिक विचार रहे। इसके साथ- साथ वृद्धाश्रम में बसंत पंचमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुरेखा और तन्वी पापोसा ने कत्थक नृत्य के माध्यम से मां सरस्वती की वंदना की तथा मां सरस्वती की स्तुति करते हुए सरस्वती मां से प्रार्थना की कि वह सबको सद्बुद्धि दे, ज्ञान दे और हर प्रकार की कला में पारंगत बनाए। मंच संचालन हरकेश पपोसा ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष किरण गर्ग, नरेश गर्ग, आशा सिंगला, मोनिका सिंगला, कमाली पापोसा, तन्वी पापोसा, हर्षित पापोसा, शिल्पा सिंगला, बेबी अश्वी, बेबी आराध्या, प्रेरणा संस्था प्रधान जसवीर गुंबर, सीता देवी, शकुंतला देवी, बलविंदर कौर, जय कौर, मंगतराम, बलदेव श्रीवास्तव एवं अन्य सभी वृद्ध जन मौजूद रहे।


## हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार अध्यक्ष शशि सैनी, महासचिव संजीव कुमार की अगुवाई में मजबूत संगठनात्मक ढांचा

जागो वर्ल्ड / ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट




हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ की जिला ऊना इकाई की कार्यकारिणी का सत्र 2025–2028 के लिए विस्तार कर दिया गया है। संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने, प्रवक्ता वर्ग की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा शैक्षणिक हितों की रक्षा के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी, सलाहकार मंडल, मेंटर समिति, मीडिया- प्रेस प्रकोष्ठ, वेब टीम तथा महिला कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है।जहाँ संघ के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शशि पाल सैनी और महासचिव संजीव कुमार के पास है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में राम कुमार और यशपाल को दायित्व दिया गया है। उपाध्यक्ष पद पर मनजीत सोनी, अमित शर्मा, संदीप धीमान, यशपाल, राजेश बंसल, संजीव धीमान, विजय इंदोरिया, भूपिंदर ठाकुर, सीमा सोहल, अरुण पाठक और गरिमा को शामिल किया गया है। प्रवक्ता सतीश के. कालिया को मुख्य प्रेस सचिव के रूप में सौंपी गई है। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में केहर सिंह बैरी, वित्त सचिव राम कुमार, मुख्य संगठन सचिव मुकेश सलारिया, मुख्य मीडिया सचिव यशविंदर मिन्हास, मुख्य वेब सचिव विपिन कुमार शर्मा तथा मुख्यालय सचिव अशोक हांडा को जिम्मेदारी दी गई है। महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि संगठनात्मक मजबूती के लिए संयुक्त सचिव, संगठन सचिव, प्रेस, मीडिया, वेब और जिला प्रवक्ताओं की पूरी टीम गठित की गई है। वहीं अध्यक्ष शशि सैनी ने कहा कि संघ प्रवक्ता वर्ग से जुड़े सेवा मामलों, पदोन्नति, स्थानांतरण, कार्यभार और सम्मान से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएगा। इनसेट बॉक्स 1 : चेयरमैन, संरक्षक, मेंटर व सलाहकार मंडल में चेयरमैन- देविंदर सिंह,मुख्य संरक्षक विनोद वन्याल, संरक्षक के डी. शर्मा, हरीश जोशी, सुरिंदर कौंनिलाल, राजेश कौशल, दिनेश कौंडल, सतपाल वशिष्ठ, रमन विज, सपना ठाकुर, अमरदीप सिंह, रविंदर कुमार बलबीर, अश्वनी कुमार को दी गई है।मुख्य मेंटर प्रधानाचार्य संजीव पाराशर मेंटर्स में राकेश जसवाल, राकेश मल्होत्रा, संजीव कुमार शर्मा, केहर सिंह बैंस, अंजना मल्होत्रा, रमन भारद्वाज, सत्यपाल, अमित कौशल, सुदर्शन कौशल, सतनाम सिंह, प्रवीण कुमार, विनय चंदर, धर्मिंदर सूद, अजय आहलूवालिया, नवीन गुप्ता, नीलम शामिल है।मुख्य सलाहकार राजीव कौशल, सलाहकार मंडल मेंपवन डडवाल, गुरदीप सिंह, सुरिंदर कुमार, बलविंदर कुमार, नरिंदर पुरी, जगरूप राणा, बिहारी लाल, राज कुमार, संजीव कौशल, राममूर्ति शर्मा, सुरेश कुमार, नीरज सैनी को शामिल किया गया है।जिला कार्यकारिणी सलाहकार: प्यारे लाल, मुकेश धीमान, प्रवीण शर्माइनसेट बॉक्स-2 : संगठनात्मक, प्रेस, मीडिया व वेब टीमसंयुक्त सचिव की कमान राजीव शर्मा, अशोक कुमार, सूरज प्रकाश हांडा, राकेश कुमार, संदीप शर्मा, शशि पाल, राम कुमार, मनोज शर्मा, कुलदीप कुमार, इंदरजीत सिंह, ललित, अरुण कुमार के पास रहेगी जबकि संगठन सचिव की कमानअनुज शर्मा, पूनम बेहरा, नेहा पठानिया, रजनीश शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, रूपेश रमन, मनोज कालिया, अरुणा रानी, अजय कुमार और प्रेस सचिव की कमान राजीव राणा, शशि पाल, रेड सुपाबिया, धरमजीत चौधरी के पास रहेगी।मीडिया सचिवअंकुर माहे, रविश बग्गा, दीपक कुमार और वेब सचिव का कार्य अजय कुमार, विजय कुमार, लवेश कुमार, अविनाश कुमार देखेंगे।जिला प्रवक्ता के लिए प्रवक्ता रुचिका, करण कुमार को दायित्व दिया गया है।इनसेट बॉक्स-3 : ऑडिट समितिमुख्य ऑडिटर विक्रम मेहता, ऑडिटर की कमान सुनील मेहता, बलवंत कुमार, अनिल डडवाल वासुदेव ठाकुर, असलम मोहम्मद, शिव कुमार, सुरिंदर शर्मा, अमिताव गिलके पास रहेगी। इनसेट बॉक्स- 4 : महिला कार्यकारिणी समिति की मुख्य सलाहकार अंजू कुमारी,सलाहकार सविता शर्मा, सुलक्षणा, रंजना धीमान, शुभ लता, अंकुश वशिष्ठ, मंजू सेन, सोनिया सिंह, अरुणा चंदेल, शेफाली पाबला, मोनिका चौधरी, ममता भारद्वाज, अंजलि, नीरू शर्मा, नीरज ठाकुर, चंदर किरण, लीजा, बनीता शर्मा, सुरेश बाला, कामना, संगीता राणा, डेजी शर्मा, संदेश सरोही, शशि सहगल, कांता देवी के पास रहेगी जबकि अध्यक्ष श्रुति, उपाध्यक्ष चेतना जसवाल और सदस्य के रूप में कविता शर्मा, रीता शर्मा, इंदु शर्मा, विजय कुमार, बी. कुमारी, रजनीश सूद, हरप्रीत कौर, सोनिका कालिया, सविता कुटलहरिया, हविंदर कौर, मीना कुमारी, डिंपल, अनीता कुमारी, रविंदर सैनी, मीनाक्षी शर्मा, कंचन बाला, पूजा वशिष्ठ, गर्गी कालिया, अन्न बाला, प्रेम लता, कल्पना वर्मा, मोनिका शर्मा, आशा रानी, कमलेश कुमारी, मीना, कविता कुमारी, इंदु माला, जीवन ज्योति, बबीता चौधरी, , अनुप्रिया, सुमीक्षा, मधु ठाकुर, दशनित कौर, विजय कुमारी, संजीवना कुमारी, मीनाक्षी, नितिका कौशल, इंदु बाला, उषा, परवीता कार्य करेंगी इन सेट बॉक्सब्लॉक वाइज इंचार्ज अम्ब ब्लॉक को ऑर्डिनेशन कमेटी के एडवाइजर बनबारी लाल भोगल, चेयरमैन पंकज कुमार, वाईस चेयरमैन संजीव भारद्वाज, बंगाणा ब्लॉक कोऑर्डिनेशन कमेटी के एडवाइजर हरविंदर कुमार, चेयरमैन प्रवेश कुमार, वाईस चेयरमैन रमन कुमार, गगरेट ब्लॉक कोऑर्डिनेशन कमेटी के एडवाइजर सुरेश ठाकुर, चेयरमैन गुरमेल सिंह, वाईस चेयरमैन संदीप लट्ठ, हरोली ब्लॉक कोऑर्डिनेशन कमेटी के एडवाइजर रवि राणा, चेयरमैन संजीव कुमार, वाईस चेयरमैन राजीव कुमार बने जबकि ऊना ब्लॉक कोऑर्डिनेशन कमेटी के एडवाइजर बरजिंदर सिंह, चेयरमैन संदीप सैनी, वाईस चेयरमैन राजेश सैनी को बनाया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में प्रधानाचार्य क्रमशः मृदुला, प्रेरणा वत्सल, वंदना सूद, सुरेश भारती, बलविंदर कुमार, स्नेह लता, राज पाल सरोही, सबीर मोहम्मद, राकेश कुमार, जबकि विकास रतन स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट तथा राजन शर्मा स्टेट चीफ मीडिया सेक्रेटरी को जगह मिली है।

## ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के गांव कालानाल मैं एक आवारा गाय की मौत



जागो वर्ल्ड / कांगडा / राकेश कुमार

प्रापत जानकारी के अनुसार सुनीता देवी नै वताया कि मैं नै एक सप्ताह पहले एक आवारा गाय को बांध रखा था । जो कि हमारी गेहूं की फसल को चट कर रही थी । इसलिये मैने बांध रखी थी जिसकी रात को मौत हो गयी । मैं समय समय पर गाय को घास व पानी पिलाती रहती थी । गाय की मौत कैसे हो गयी इसके वारे मैं कुछ भी नहीं वता सकती। जव इसकी सूचना समाजसेवक व गौसेवक दल त्रिशला ठाकुर व नीलम कुमारी को मिली ! तो वह मौके पर पहुंची तो उनहोने देखा कि इस गाय दिन रात एक जगह वांध कर रखा गया था ।आना तो उसको घास डाला जाता था । और पिछले कल भारी बारिश मै भी गाय को बाहर ही रखा रखा था । भारी सर्दी के ताव ना सहते हुये गाय नै तड़प तड़प कर जान दे दी । गौसेवक दल का कहना है यह गाय लगभग 15 दिन से गायब थी यह गाय हमारे पास हर दिन चारा खाने आती थी । हमने इसकी तलाश भी की थी ।कहीं भी ना मिल पाने के कारण आज सुबह पता कि उस गाय मौत हो गयी है । गौसेवक दल से प्रशासन से मांग कि है कि इनके विरूद पशु क्रूरता का अधिनियम लगाकर सख्त से सख्त कारवाई कि जाये । गौसेवक दल ने इस बारे पंचायत उप प्रधान महेश कुमार चंबियाल को सूचित किया । मौका देखकर उनहोनै बताया कि गाय कि दर्दनाक मौत हुयी है । जो भी कारवाई होगी कि जायेगी ।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जागो वर्ल्ड /ऊना/ ब्यूरोरिपोर्ट

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। " मेरा भारत मेरा वोट" थीम पर आधारित 16 वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस बुधान विद्यालय में उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय के उप- प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम " मेरा भारत मेरा वोट है" जिसका उद्देश्य लोकतन्त्र को सशक्त बनाते हुये नागरिकों विशेषकर युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता एवं सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। उप- प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर पूर्ण राज्यत्व दिवस की महत्ता पर भी प्रकाश डाला ।इस अवसर पर पूनम संदल +1 विज्ञान संकाय की छात्रा ने सभी विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान यह प्रण लिया कि जब वे मतदाता बनेंगे तो अपने मताधिकार का प्रयोग पूर्ण सजगता निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे व इस जानकारी को जन- जन को देंगे। इस अवसर पर समस्त स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## कांगड़ा के नितिन धीमान बने SSB असिस्टेंट कमांडेंट, गांव कोट पलाहारी में जश्न का माहौल

जागो वर्ल्ड / कांगडा / राकेशकुमार

हिमाचल की वीरभूमि से आज एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने पूरे कांगड़ा ज़िले को गर्व से भर दिया है। एक छोटे से गांव का बेटा अपने सपनों को हकीकत में बदलते हुए अब देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं ग्राम कोट पलाहारी के होनहार युवा नितिन धिमान की, जिन्होंने सशस्त्र सीमा बल (SSB) में असिस्टेंट कमांडेंट बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नितिन धिमान ने SSB अकादमी भोपाल में दिसंबर 2024 से जनवरी 2026 तक चले 52 सप्ताह के कठिन और अनुशासित प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान लंबी दौड़, कठिन ड्रिल और हथियारों की सटीक ट्रेनिंग जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन नितिन ने कभी हार नहीं मानी। शारीरिक क्षमता के साथ- साथ मानसिक मजबूती और अनुशासन में भी उन्होंने खुद को साबित किया। उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा यह रहा कि उन्हें पूरे बैच में



"Best Firer of the Batch" का सम्मान मिला, जो फायरिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जब नितिन अपने पैतृक गांव कोट पलाहारी पहुंचे, तो पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। ढोल- नगाड़ों की गूंज, फूल- मालाओं से स्वागत और मिठाइयों के साथ ग्रामीणों ने अपने बेटे का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। माहौल ऐसा था मानो पूरे गांव ने कोई बड़ी जीत हासिल कर ली हो।नितिन के पिता, रिटायर्ड प्रिंसिपल जगदीश धिमान, ने भावुक होते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए बेहद गर्व का पल है और यह सब बेटे की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है।क्षेत्र के विधायक रणवीर सिंह निक्का भी नितिन के घर पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नितिन की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत है।अपनी सफलता पर नितिन धिमान ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, परिवार, शिक्षकों और प्रशिक्षकों को देते हुए कहा कि देश सेवा और सीमाओं की रक्षा करना ही उनका सबसे बड़ा कर्तव्य है।

# जनता अंधेरे में तड़प रही, सरकार सत्ता के नशे में सो रही : राजेंद्र राणा

## बिजली व्यवस्था चरमराई, पनोह सब स्टेशन एक साल से बंद

**जागो वर्ल्ड - हमीरपुर**



प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और उदासीनता के कारण सुजानपुर विधान-सभा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत चमियाणा सहित पटलांदर व आसपास की कई पंचायतों में हालात इतने बदतर हैं कि शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है और कई बार अगले दिन तक बिजली बहाल नहीं हो पाती। लोग अंधेरे में भोजन करने को मजबूर हैं और बच्चे मोमबत्ती की रोशनी में पढ़ाई रहे हैं, लेकिन सरकार सत्ता के नशे में सोई हुई है। यहां जारी एक बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि पटलांदर और चौरी बिजली सेक्शन में अव्यवस्था चरम पर है, जहां दोनों सेक्शनों में मात्र एक-एक कर्मचारी तैनात है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष के चलते कर्म-चारियों के तबादले किए जा रहे हैं और जानबूझकर इन क्षेत्रों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि लगता है सरकार विकास नहीं बल्कि जनता को परेशान करने की नीति पर काम कर रही है।उन्होंने ग्राम पंचायत पनोह के आंसला में बने 33 केवी बिजली सब स्टेशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह सब स्टेशन एक वर्ष से तैयार खड़ा है, लेकिन सरकार की निकम्मी कार्य-प्रणाली के कारण आज तक इसे चालू नहीं किया गया। जनता के टैक्स से बना यह प्रोजेक्ट धूल फांक रहा है, जो सरकार की संवेदनहीनता का जीता-जागता प्रमाण है। राजेंद्र राणा ने बताया कि बिजली संकट के चलते किसानों की सिंचाई मोटरें बंद पड़ी हैं, जल शक्ति और आईपीएच की योजनाएं प्रभावित हैं तथा नए पानी के कनेक्शन भी जारी नहीं किए जा रहे। यहां तक कि आउटसोर्स कर्मचारियों को दस महीनों से वेतन नहीं मिला, जिससे उनमें भारी रोष है। उन्होंने कहा कि जब कर्मचारी ही परेशान होंगे तो जनता को सुविधाएं कैसे मिलेंगी।भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है। मुख्यमंत्री जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने और राजनीतिक नियुक्तियों में व्यस्त हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और पनोह सब स्टेशन शुरू नहीं किया गया तो भाजपा जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी।

# श्रीराम मंदिर अयोध्या की पावन ज्योति व राम दरबार के दर्शनों के लिए उमड़ी हजारों की भीड़

## 22 जनवरी 2027 को 6 वें राम महोत्सव में आयेंगे कुमार विश्वास

**जागो वर्ल्ड - धर्मपुर/बीबीएन-स्वस्तिक गौतम**



औद्योगिक नगर बद्दी में आयोजित पांचवें भव्य राम महोत्सव के दौरान अयोध्या जैसा साक्षात दिव्य दरबार सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रीराम मंदिर अयोध्या से लाई गई पावन ज्योति और सुसज्जित राम दरबार के दर्शनों के लिए हजारों राम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथा वाचक ऋषि कुमार स्वामी, श्री श्री 1008 बलराम दास महाराज सहित कई ख्यातिप्राप्त हस्तियों के प्रवचनों और प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। "राज भक्त ही राज करेगा" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। बददी में आयोजित इस कार्यक्रम से 22 जनवरी का दिन न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक बन गया। बददी में अयोध्या जैसा भव्य श्रीराम मंदिर का दरबार सजा हुआ था, चारों तरफ भगवा झंडों से शहर में रौनक थी और चमचमाती लड़ियों ने इस समारोह को चार चांद लगा दिए। बता दं कि मंदिर की स्थापना से लेकर अब तक बददी में श्रीराम सेना व सहयोगी संस्थाओं द्वारा चार बार राम महोत्सव का आयोजन किया जा चुका है, जबकि इस बार मंदिर निर्माण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह पांचवां महोत्सव आयोजित किया गया। पूरे शहर को रंग-बिरंगी लाइटों से समारोह की पूरी धूम बनी हुई थी। बाजारों, मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर भक्ति का अद्भुत दृश्य देखकर लोगों की काफी भीड़ दशहरा मैदान बददी में उमड़ी हुई थी। मैदान में शाम के चार बजे से लोगों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी और रात के नौ बजे तक भीड़ ने बहुत बड़ा आकार ले लिया था। हजारों की संख्या में सनातनी राम भजनों को सुनने पहुंचे। वहीं सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम के महंत श्री श्री 1008 बलराम दास ने भी राम भक्तों का अपने संबोधन से दिल जीत लिया। श्रीराम सेना के संस्थापक राजेश जिंदल ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वीआईपी ब्लॉक स्थापित किए थे अोर राम भक्तों के लिए पूरा बैठने का पंडाल सजाया गया था। चारों तरफ सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। पुलिस का भी सहयोग पूरी तरह मिला और यातायात सुचारू रूप से चलता रहा। उन्होंने ऐलान किया कि 22 जनवरी 2027 अगले वर्ष होने वाले 6 वें राम महोत्सव में कुमार विश्वास प्रवचन देने आयेंगे मुंबई से पधारी कवियत्री डा अनामिका अम्बर सौरभ जैन ने बद्दी को मिनी अयोध्या कहा ओर प्रयागराज से पधारे गायक आलोक कुमार ने बद्दी को प्रयागराज की संज्ञा दी।राजेंश जिंदल ने बताया कि 11 में से 3 व्हील चेयर जरूरतमंदों को दी जा चुकी हैं।

# जिस पंजाब केसरी को इंदिरा नहीं झुका पाई चार दिन पहले जन्मी भगवंत सरकार क्या झुकाएगी : अनिल विज

**जागो वर्ल्ड - पुनीत महाजन/चंडीगढ़**



मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश भर के कोने-कोने से आए पत्रकारों में जहां पंजाब केसरी संस्थान के कार्यालय पर पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा की गई अनुचित करवाई को लेकर काफी रोष था, वहीं मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन द्वारा एक सार्वजनिक निंदा प्रस्ताव पंजाब सरकार के खिलाफ भी लाया गया और जल्द पंजाब के राज्यपाल को इस बारे ज्ञापन देने की भी घोषणा की गई। इस बारे सार्वजनिक मंच से इसकी तुलना इमरजेंसी के समय से की गई। पंजाब सरकार की यह अनुचित कार्रवाई किसी तरह भी बर्दाश्त ए काबिल नहीं : कौशलऐसे समय में हम और पंजाब केसरी अलग अलग नहीं: कौशल उन्होंने कहा कि बहुत से स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देश के लिए लड़ाई लड़ी, साथ में पत्रकारता भी की। सर छोटू राम जो किसानों के मसीहा रहे हैं, वह हिंदुस्तान अखबार के एक बड़े पत्रकार थे। इस मौके पर उन्होंने पंजाब सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, इतनी संवेदनशील नहीं होना चाहिए कि छोटी सी नेगेटिव खबर लगे तो सरकारी विज्ञापन रोक दिए जाएं या किसी प्रकार के अंकुश लगा दिया जाए, पुराने दौर में जब कार्टूनिस्ट कार्टून बनाते थे वह बेशक नेताओं के खिलाफ होते थे लेकिन जवाहरलाल नेहरू उन कार्टूनिस्टों को बुलाकर उन्हें सम्मान देते थे। आज भी सरकारों को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए पेंशन लगाने के बाद कई प्रदेशों की मजबूरी हुई और उन्होंने पेंशन लगी। ऐसे कार्यों में चंद्रशेखर धरनी जैसे लोग अपना घर फूंककर तमाशा देखते हैं यानी पत्रकारों के लिए हमेशा अगाड़ी में खड़े होकर उनके सम्मान और हितों के लड़ाई लड़ते हैं।

# लोकतंत्र की शुचिता के लिए आवश्यक प्रक्रिया है एस.आई.आर. गुलेरिया

**जागो वर्ल्ड - धर्मपुर/बीबीएन-स्वस्तिक गौतम**




भाजपा जिला सोलन की एस.आई.आर और वी.बी. जी.राम.जी.को लेकर एक दिवसीय सम्मेलन कुम्हारहट्टी में एस.आई.आर. को लेकर भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठों के संयोजक और एस.आई. आर. कर्यक्रम के संयोजक पुरषोत्तम गुलेरिया मुख्य वक्ता और वी .बी.जी.राम.जी.कार्यक्रम को लेकर बलदेव भंडारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। गुलेरिया ने एस.आई. आर. (वोटर पुनर्निरीक्षण गहन) को लेकर कहा कि लोकतंत्र की शुचिता के लिए आवश्यक प्रक्रिया है। गुलेरिया ने कहा कि देश मे आज तक ग्यारह बार वोटर पुनर्निरीक्षण हो चुका है जिसमे एक बार भाजपा के समय बाकी कांग्रेस शासन काल मे ही हुआ। लेकिन अब विरोधी इसको लेकर जो देश के लोगो को गुमराह कर रहे है उसका मुंह तोड़ जवाब दे। उन्होंने विस्तार से इसकी जानकारी दी। जिला सम्मेलन के बाद अब सीधा ग्राम केंद्रों पर ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित होने जिसमे इसके बारे समझाया जाएगा। इसी तरह बलदेव भंडारी ने वी.बी.जी.राम.जी. पर बोलते हुए कहा कि इस योजना क्ष आने से विकास को नई दिशा मिलेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। बिल्कुल पार-दर्शिता से काम होगा जो विकास को नई दिशा देगा। इनको लेकर भी जो विरोधी धरने प्रदर्शन कर रहे है वह पहले अपने गिरेबान में झांके। और इससे हिमाचल जैसे राज्यो को अधिक लाभ मिलेगा। और अब 100 दिन की बजाय इस योजना में 125 दिन का लाभ मिलेगा। सम्मेलन में पूर्व मंत्री डॉ राजीव सहजल के पिता के निधन,पूर्व विधायक परमजीत की माता के निधन तथा अर्की में अग्निकांड,हरिपुरधार में बस हादसे आदि को लेकर दो मिनट का मौन भी रखा गया।इस सम्मेलन में पूर्व सांसद वीरेंदर कश्यप, पूर्व विधायक परमजीत सिंह,पूर्व विधायक के एल ठाकुर,जिला महामंत्री भरत साहनी,बलबीर ठाकुर,मण्डल प्रधान धर्मपुर मदन मोहन कसौली मण्डल के प्रधान लक्ष्मी दत्त अत्रि ,नालागढ़ शहर की मण्डल अध्यक्ष शालिनी शर्मा,रामशहर मण्डल के वर्धन कुलभूषण, कंडाघाट के मण्डल प्रधान मदन ,अर्की की मण्डल अध्यक्ष रीना भारद्वाज,सोलन ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष चन्द्रकान्त, ,जयनगर के मण्डल प्रधान राजेश चरण,नरेंद्र सुनील मोर्चा की जिलाध्यक्षा दर्पना, सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अशोक शर्मा,अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह ,एस.टी. मोर्चा के जिला अध्यक्ष नारायण दास, ओ.बी.सी. मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीब,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश गौतम,सुंदरम , यशपाल ठाकुर ,लाल चंद,मनीष कश्मीरी लालां ,कृष्ण कौशल,नरेंद्र दिप्पा, संजय ,महामंत्री रवि शर्मा,संजीव ,सुरेन्द्र ,आनंद किशोर आदि कार्यकर्ता मौजूद हुए।

# कुरुक्षेत्र की धरा बनेगी दलित वर्ग के उत्थान और सामाजिक समरसता की साक्षी

**जागो वर्ल्ड - अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**

## 31 जनवरी को श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी संत रविदास जयंती

**उमरी में होगा प्रदेश स्तरीय समारोह मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल समारोह में करेंगे शिरकत**



### समारोह में दलित वर्ग के सभी संगठन और हमारा संविधान-हमारा स्वाभिवान जनचेतना ट्रस्ट का रहेगे विशेष तौर पर शिरकत

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र एक बार फिर दलित वर्ग के उत्थान और सामाजिक समरसता की साक्षी बनेगी। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। उमरी में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने पत्रकारों को समारोह की रूप-रेखा से अवगत कराया। सुदेश कटारिया ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जयंती समारोह को लेकर दलितों में उत्साह है। 31 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह में प्रदेश के कोने-कोने और अन्य राज्यों से दलित वर्ग पहुंचेगा।पत्र-कारों से बातचीत करते हुए सुदेश कटारिया ने बताया कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में दलित वर्ग ने संविधान-स्वाभिमान समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को संकल्प लोटा देकर भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने का संकल्प लिया था। भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में दलित वर्ग का बड़ा योगदान रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल द्वारा दलितों के उत्थान के लिए शुरू किए अंत्योदय उत्थान के मूल मंत्र को गति देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जयंती केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि समानता, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। समारोह में सामाजिक संस्थाओं के साथ दलित वर्ग का हर संगठन और हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान जनचेतना ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहेगा।जनसंपर्क अभियान के तहत दलितों को दिया जा रहा है न्यौताकेंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह को लेकर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह के लिए जनसंपर्क अभियान के तहत दलितों को न्यौता दिया जा रहा है। प्रदेश के हर जिले, उपमंडल और गांवों में जन चेतना ट्रस्ट के पदाधिकारी घर -घर पहुंचकर दलितों को समारोह का न्यौता दे रहे हैं।उमरी में बनेगा संत रविदास संग्रहालय और मंदिरसुदेश कटारिया ने कहा कि दलित वर्ग की लंबे समय से मांग थी कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का भव्य मंदिर बनाया जाए। बतौर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दलित वर्ग की इस मांग को पूरा करते हुए उमरी में विश्व स्तरीय संत रविदास संग्रहालय और मंदिर बनाने का ऐलान किया था और जगह मुहैया करवाई थी। उसी संग्रहालय स्थल पर दलित एकजुट होकर संत रविदास की नीतियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे।

### संत रविदास जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : कटारिया

सुदेश कटारिया ने कहा कि राज्य सरकार संत-महापुरुषों की शिक्षाओं और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'संत-महापुरुष विचार प्रसार एवं सम्मान योजना' के तहत निरंतर उनकी जयंती और स्मृति समारोह आयोजित करती आ रही है। ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संत रविदास जी की शिक्षाएं आज के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। उनका जीवन संघर्ष, समानता और मानव गरिमा का प्रतीक है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य इस जयंती के माध्यम से जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देना है। यह समारोह सामाजिक समरसता और विकास की साझा यात्रा का भी प्रतीक बनेगा।

## घल्लूवाल में स्वास्थ्य जांच शिविर से ग्रामीणों को मिला लाभ

**जागो वर्ल्ड - अंब अविनाश चौहान**



सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली ने गांव घल्लूवाल में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में 63 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 38 मरीजों के आवश्यक मेडिकल टेस्ट किए गए।शिविर के दौरान मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर टीम सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि, मनीष ठाकुर व निहाल सिंह ने सेवाएं प्रदान कीं।शिविर में प्रधान सोना देवी, उपप्रधान अनिल जसवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रिंकू देवी, आशा कार्यकर्ता सरोज देवी सहित स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जीएसएसएस घनारी में विद्यार्थियों को किया जागरूक, दिलाई शपथ

**जागो वर्ल्ड - दौलतपुर संजीव डोगरा**




राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जीएसएसएस घनारी में शपथ लेते विद्यार्थी एवम समूह चित्र में

रावमापा घनारी में प्रधानाचार्य ललित मोहन के मार्गदर्शन में पूर्ण राज्यत्व दिवस एवम राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम पूर्ण राज्यत्व दिवस का महत्व बताया गया। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस की प्रधानाचार्य ललित मोहन ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। उसके उपरांत मतदाता दिवस को मनाये जाने को प्रायोजन के बारे में विस्तार से बताया कि किस प्रकार से मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ लोकतंत्र एवम स्थिर सरकार के लिए हर एक वोट वेशकीमती होता है। इसलिए बिना किसी प्रलोभन से खुद तो वोट डालें, साथ ही पंजीकृत मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करें।इस अवसर पर राजनितिक विज्ञान की प्रवक्ता संजीवना कुमारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# फतेहपुर में रुकने का नाम नहीं ले रहा अवैध कटान,रात के अंधेरे में निकलती है दर्जनों गाड़ियां

**जागो वर्ल्ड - फतेहपुर/निशा देवी**





उप मंडल फतेहपुर के अधीन चोर रास्तों से लगातार अवैध गतिविधियां हो रही है जिसमें मुख्यतः लक्कड़ तस्करी वह अवैध खनन मटेरियल शामिल है यह सब रात के अंधेरे में होता है दर्जनों गाड़ियां रियाली से होकर पंजाब निकलती है हालांकि फतेहपुर के अलावा अन्य जगहों पर वन विभाग लगातार सक्रिय रूप से भूमिका निभा रहा है और कार्रवाई करता हुआ नजर आता है लेकिन अगर बात करें वन परिक्षेत्र रे की तो यहां पर काफी दिनों से कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली हालांकि कुछ दिन पहले एक पिकअप गाड़ी पकड़ी थी जो कि बिना परमिट के पंजाब निकल रही थी जिसे बाद में कानूनी कार्रवाई करके छोड़ दिया था लेकिन अब दोबारा से दर्जनों गाड़ियां पंजाब निकल रही है रात के अंधेरे में ऐसा प्रतीत होता है जैसा कि यहां पर पुष्प राज स्थापित हो चुका हो। जब हमने इस संदर्भ में वन खंड अधिकारी रविंद्र सिंह से बात की उन्होंने बताया कि इस तरीके की हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमें आपके माध्यम से इस विषय में ज्ञात हुआ है हम उच्च अधिकारियों के अमल में लाकर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।ज्ञात रहे कि रविंदर सिंह वनखंड अधिकारी पहले भी बड़ी कार्रवाई अमल में ला चुके हैं अब देखने वाली बात है यह वन विभाग के समक्ष मामला आया है अब करवाई किस तरीके की होती है

Editor .printer and publisher pankaj kumar on behalf , Kji mieda network una Himachal 174303 from publish M/S Danik bhaskar Crop.LTD.,malikpur.sirhind ,distt.,Fatehgarh Sahib, punjab and publish from jago times ,first flour saini market near joshi medical store old hoshiyarpur road teh.and distt.UNA दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र ऊना में ही होगा फोन नंबर 97362-23261,82610-88888 www.danikjagoworld.com